जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 157, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 04 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पीएम मोदी ने हैदराबाद को कहा भाग्यनगर: शाह ने कहा- देश में अगले 30-40 साल भाजपा ही रहेगी

# तुष्टिकरण खत्म कर तृप्तिकरण अपनाना है: मोदी







**नई दिल्ली/हैदराबाद:** हैदराबाद में दो दिन से भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक चल रही है। रविवार को समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी भी पहुंचे और नेताओं को संबोधित किया। पीएम ने अपने संबोधन में हैदराबाद को भाग्यनगर कहा। पीएम बोले, भाग्यनगर में ही सरदार पटेल ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का नारा दिया था। हमारी पार्टी का नारा भी यही है, हमारा एक ही कार्यक्रम है- तुष्टिकरण खत्म कर हमें तृप्तिकरण का रास्ता अपनाना। उन्होंने एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी की तारीफ करते हुए इसे ऐतिहासिक फैसला बताया। पीएम ने कहा कि देश वंशवादी राजनीति और वंशवादी राजनीति करने वाले दलों से परेशान हो गया है। ऐसी पार्टियां देश में ज्यादा समय तक नहीं टिकेंगी। कुछ पार्टियां तो अपना अस्तित्व बचाने के लिए लड़ रही हैं। हमें ऐसी पार्टियों को मजाक नहीं उड़ाना चाहिए बल्कि उनकी गलतियों से सीखने की जरूरत है।

**देश में अगले 30-40 साल भाजपा ही रहेगी:** कार्यकारिणी की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में अगले 30 से 40 साल भाजपा के होंगे और भारत 'विश्वगुरु' बनेगा। शाह ने राजनीति में जातिवाद, वंशवाद और तुष्टीकरण को बहुत बड़ा अभिशाप बताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार में देश की राजनीति से इनका अंत होकर ही रहेगा। शाह ने दावा किया है कि बीजेपी जल्द ही तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में सरकार भी बनाएगी। दोनों राज्यों में पारिवारिक पार्टियों का दबदबा खत्म होगा। पार्टी केरल, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी सरकार गठन को लेकर तैयारी कर रहे हैं।

**गुजरात दंगों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक:** अमित शाह ने गुजरात दंगों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि सभी आरोपों को सुप्रीम कोर्ट ने झूठा करार दिया और अदालत ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने संविधान पर भरोसा रखा, गुजरात दंगा मामले में एसआईटी का सामना किया, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने पर विपक्ष अराजकता फैला रहा है।

**कांग्रेस निराश और हताश है:** शाह ने कहा- आज केंद्र की योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तक पहुंच रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस निराश और हताश है और वो केंद्र सरकार की हर कल्याणकारी योजना का विरोध करती है। सर्जिकल स्ट्राइक हो या फिर एयर स्ट्राइक, कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने का मसला हो। कोरोना के खिलाफ देश में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया गया कांग्रेस ने उस पर भी सवाल खड़े कर दिए।

**कांग्रेस को है 'मोदी फोबिया'**

आज विपक्ष बंटा हुआ है, कांग्रेस सदस्य पार्टी में लोकतंत्र स्थापित करने के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन डर के मारे पार्टी अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस को 'मोदी फोबिया' है। वह राष्ट्रहित में लिए गए हर फैसले का विरोध कर रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के पहले दिन हमने आर्थिक संकल्प पर चर्चा की।

**बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव पर निगाहें**

यह बैठक नूपुर शर्मा की ओर से पैंगबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी और उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या से पैदा हुए विवाद के बीच हो रही है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि राजनीतिक प्रस्ताव में पार्टी इसका उल्लेख करती है कि नहीं।

## तेलंगाना की टीआरएस सरकार भ्रष्ट और परिवारवादी : भाजपा

**हैदराबाद/नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कहा कि तेलंगाना में भ्रष्ट एवं परिवारवाद से घिरी हुई सरकार चल रही है। भाजपा इस सरकार का विकल्प है और पार्टी को जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी की यहां दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक चल रही है। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल और जी कृष्ण रेड्डी ने राज्य के कार्यकताओं के साथ आज एक प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इसमें उन्होंने कहा कि भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने आज तेलंगाना के लोगों की आर्थिक, सामाजिक एवं हर दृष्टिकोण से बढ़ रही तकलीफों पर दुख व्यक्त किया है। गोयल ने कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (टीआरएस) ने तेलंगाना की जनता से किए वादे पूरे नहीं किए हैं। तेलंगाना की जनता टीआरएस सरकार से दुखी है। 8 वर्षों में केंद्र सरकार बड़े पैमाने में योजनाएं लाई है। इनका दुरुपयोग किया गया। हर योजना में बड़े-बड़े भ्रष्टाचार हुए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के बनने में भाजपा का भी बड़ा योगदान रहा है। भाजपा ने वर्षों तक संघर्ष किया है। वर्षों तक तेलंगाना की युवा शक्ति ने अपना बलिदान दिया है। बड़े संघर्ष के बाद तेलंगाना बना है। विगत 8 वर्षों में टीआरएस की सरकार ने लोगों की उम्मीदों को पूरी तरह से तोड़ दिया है। तेलंगाना में टीआरएस सरकार भ्रष्टाचार की प्रतीक बन गई है। तेलंगाना में एक ही परिवार पूरी सरकार चला रहा है। उनके साथ मौजूद केन्द्रीय मंत्री जी कृष्ण रेड्डी ने भी टीआरएस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी और राज्य के मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव मिलकर राज्य को लूट रहे हैं। मुख्यमंत्री पर व्यक्तिगत आक्षेप करते हुए उन्होंने कहा कि राव भाजपा नेताओं को सरकार चलाना सिखा रहे हैं। वह पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो पिछले 8 साल से सचिवालय नहीं किए गए। एक महीने में 20 दिन वे अपने फार्म हाउस में गुजारते हैं। राज्य में कैबिनेट बैठक नहीं होती केवल रात्रिभोज पर परिवार बैठक करता है। उन्होंने कहा कि राज्य में बाप-बेटे की सरकार चल रही है। तेलंगाना आंदोलन में शामिल सभी नेताओं को दरकिनार कर दिया है। रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना की जनता भाजपा को आशीर्वाद देने के लिए तैयार है। इससे डरकर राज्य के मुख्यमंत्री केसीआर लगातार प्रधानमंत्री के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। भाजपा की बैठक के बीच अपने प्रचार के लिए टीआरएस ने 40 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलन से खड़ी हुई टीआरएस आज राज्य में विरोध प्रदर्शनों को दबाने की पूरी कोशिश करती रही है।

# अमरावती किलिंग: मास्टरमाइंड गिरफ्तार

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट: गले पर था 5 इंच गहरा जख्म, चाकू के वार से उमेश के दिमाग और आंख की नसें डैमेज हुई



**मुंबई:** नूपुर शर्मा के सपोर्ट में पोस्ट शेयर करने के आरोप में अमरावती में हुई उमेश कोल्हे की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी समेत 7 को अब तक गिरफ्तार कर लिया गया है। 6 आरोपियों ने कोल्हे की गला काटकर हत्या कर दी थी। कोर्ट ने आरोपी इरफान शेख रहीम को 7 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। उमेश कोल्हे की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मुताबिक, उनके गले पर 5 इंच चौड़ा, 7 इंच लंबा और 5 इंच गहरा जख्म मिला। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि, चाकू के वार से दिमाग की नस को नुकसान पहुंचा था। साथ ही सांस लेने वाली नली, खाना खाने वाली नली और आंख की नसें भी डैमेज हो गई थी।

**यह हत्या एक वर्ग को डराने की कोशिश:** एनआईए की एफआईआर में आरोपियों पर इल्जाम लगाया गया है कि यह हत्या एक वर्ग को डराने की कोशिश है। जांच में यह भी सामने आया है कि इरफान रायबर हेल्पलाइन नाम की एक एनजीओ चलाता है और इससे तकरीबन 21 लोग जुड़े हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपी भी इसी एनजीओ से जुड़े हुए हैं। एनआईए ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**एनजीओ की पाकिस्तान से हो रही थी फंडिंग:** सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसीज को यह जानकारी मिली है कि इस एनजीओ को कुछ खाड़ी देशों और पाकिस्तान से फंडिंग हो रही थी। मुख्य आरोपी को नागपुर से गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तार छठे आरोपी डॉ. यूसुफ खान उर्फ बहादुर को 5 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। इसे शनिवार को ही पकड़ा गया था। जांच में यह भी सामने आया है कि इरफान ने धर्म और पैसे का लालच देकर 5 आरोपियों को तैयार किया था। डॉ युसूफ खान वह व्यक्ति है जिसने उमेश कोल्हे के पोस्ट के स्क्रीनशॉट को कुछ संदिग्ध व्हाट्स ऐप ग्रुप में फारवर्ड किया था।

**सीसीटीवी फुटेज में दिखी हत्या की पूरी कहानी:** 21 जून को हुई इस घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।

## शिवसेना पस्त: महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा का स्पीकर

**मुंबई:** महाराष्ट्र में शिवसेना के भीतर का सियासी टशन नहीं थम रहा है। स्पीकर के चुनाव में जीत हासिल करने के बाद एकनाथ शिंदे गुट ने आदित्य ठाकरे समेत शिवसेना के 16 विधायकों को अयोग्य करार देने की मांग की है। शिंदे गुट के चीफ व्हिप भारत गोगावाले ने नए स्पीकर राहुल नार्वेकर को लेटर सौंपा है। लेटर में कहा है कि 16 विधायकों ने व्हिप का उल्लंघन किया है। इसलिए इनकी सदस्यता रद्द हो। स्पीकर ने उनके लेटर को ले लिया है और उस पर विचार करने की बात कही है।

# कन्हैया मर्डर की साजिश में शामिल थे मौलाना-वकील





**जयपुर:** उदयपुर में कन्हैयालाल की बर्बर हत्या की साजिश 20 जून को उदयपुर कलेक्ट्रेट पर नूपुर शर्मा के खिलाफ हुए बड़े प्रदर्शन के बाद रची गई थी। यह खुलासा एनआईए के एक सीनियर अफसर ने किया है। अफसर ने बताया- 20 जून को प्रदर्शन के बाद ही शहर के मुखर्जी चौक पर एक मीटिंग हुई थी। इसमें गौस मोहम्मद और रियाज अत्तारी के अलावा दो मौलाना और दो वकील शामिल थे। एनआईए अफसर के मुताबिक, यहां गौस ने यह प्रस्ताव रखा कि मैं और रियाज, कन्हैयालाल की हत्या को अंजाम देंगे। इसी दिन यह तय हुआ कि रियाज अपनी टीम के साथ टेलर की दुकान की रेकी करेगा। इसके बाद रेकी की गई और 28 जून को तालिबानी तरीके से गला काट हत्या कर दी गई। एटीएस ने रेकी करने वालों में से आसिफ हुसैन और मोहसिन खान को पकड़ लिया है।

**गौस गया था कराची, 45 दिन की ट्रेनिंग लेकर लौटा**

गौस मोहम्मद पाकिस्तान में दावत-ए-इस्लामी के कराची हेड क्वार्टर से 45 दिन की ट्रेनिंग लेकर लौटा था। उसे वहां भेजने का इंतजाम रियासत हुसैन और अब्दुल रजाक ने किया। उसके साथ करीब 30 लोग गए थे, जिनमें उदयपुर के वसीम अत्तारी व अख्तर रजा भी थे। एटीएस र ने इन्हें भी राउंडअप किया है। एजेंसी ने पाकिस्तान गए सभी लोगों को ट्रेस कर लिया है। यह पता लगाया जा रहा है कि इनमें से कितने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं। एनआईए को यह भी पता चला है ।

## 'न्यायपालिका की स्थिति से निराश हूं'



**नई दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व नेता और वरिष्ठ वकील तथा राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने देश में न्यायपालिका की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने रविवार को कहा कि संस्था के कुछ सदस्यों ने हमें निराश किया है। हाल फिलहाल में जो कुछ हुआ है उससे 'मेरा सिर शर्म से झुक जाता है।' सिब्बल ने कहा कि हाल के वर्षों में अभिव्यक्ति की आजादी की सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह व्याख्या की है, उसे दुर्भाग्य से वह जगह नहीं मिली है, जो इसे संवैधानिक रूप से प्रदत्त है। भाजपा नीत केंद्र सरकार पर पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि संस्थानों का गला घोंटकर आपातकाल लागू कर दिया गया है। कानून के राज का रोज हनन हो रहा है। सरकार सिर्फ कांग्रेस मुक्त भारत नहीं बल्कि विपक्ष मुक्त भारत चाहती है। ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी को लेकर सिब्बल ने कहा कि इससे ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि न्यायपालिका के कुछ सदस्यों ने हमें निराश किया।

## कांवड़ मार्ग पर 100 मीटर दायरे में नहीं खुलेंगी मांस-मदिरा की दुकानें



**हरिद्वार:** कांवड़ मेला की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने अधीनस्थों के साथ बैठक की। कांवड़ मेले में विवाद के संभावित कारणों पर चर्चा करते हुए उनसे निपटने की रणनीति बनाई गई। तय किया गया कि कांवड़ मार्ग पर एक सौ मीटर के दायरे में मांस-मदिरा की दुकानें नहीं खोली जाएंगी। पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने कहा कि कांवड़ मेले में मुख्य तौर पर विवाद के तीन बड़े कारण सामने आते हैं। कांवड़ मेले के दौरान किसी कांवड़ यात्री को टक्कर लगने या कोई और दुर्घटना होने पर तत्काल निस्तारण न होने पर बवाल की स्थित उत्पन्न हो जाती है, इसलिए पुलिसकर्मी तत्काल सक्रियता दिखाएं। दूसरा कारण डायवर्जन होता है। भीड़ के मद्देनजर तय किए गए डायवर्जन पर मोड़ने के दौरान कांवड़ यात्रियों और पुलिस का विवाद होता है। कई बार कांवड़ यात्री जबरन उसी मार्ग पर जाना चाहते हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिए डायवर्जन प्वाइंट पर पर्याप्त पुलिस बल मय बाडी प्रोटेक्टर, केन सील्ड व अन्य उपकरणों सहित 24 घंटे नियुक्त रहेंगे। तीसरा सबसे गंभीर साम्प्रदायिक कारण होता है। कांवड़ मेला हिंदुओं की आस्था का मेला है, जिसमें छोटी-छोटी बातें बड़ा रूप ले सकती हैं। हर थाना प्रभारी को अपने थाना क्षेत्र में हर प्रकार से तैयारी के साथ मुस्तैद रहना है। सभी थाना प्रभारी यह सुनिश्चित कर लें कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर 100 मीटर के दायरे में कोई मांस-मदिरा की दुकानें नहीं लगनी चाहिए।

# 'मुर्मू प्रतिज्ञा करें कि वह नहीं बनेंगी 'रबर स्टाम्प राष्ट्रपति'





**बैंगलुरु:** राष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने रविवार को कर्नाटक में कांग्रेस विधायक दल को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी और राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू से कहा है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि अगर वे निर्वाचित हुईं तो 'रबर स्टैंप' साबित नहीं होंगी। उन्होंने न्यायपालिका पर लगाए जा रहे आरोपों को लेकर चिंता भी जताई। पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होने के लिए बैंगलोर पहुंचे थे। उनके अलावा इस बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धारमैया, राज्य पार्टी प्रमुख डी के शिवकुमार और पार्टी के कई नेता और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस विधायक दल को संबोधित करते हुए सिन्हा ने केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आयकर जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा के खिलाफ अदालत द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों के बाद न्यायपालिका के खिलाफ लगाए जा रहे आरोपं पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लोकतंत्र में एक बहुत ही दुखद घटना है। यशवंत सिन्हा ने आगे कहा कि हम सभी न्यायपालिका का सम्मान करते हैं और हम यह नहीं कह सकते कि हम न्यायपालिका के एक आदेश से सहमत हैं, लेकिन दूसरे आदेश को स्वीकार नहीं करते हैं। इस दौरान राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशंवत सिन्हा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा से मुलाकात नहीं करेंगे। गौरतलब है कि जद (एस) ने 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी मुर्मू को समर्थन देने के संकेत दिए हैं।

# पटना में अतिक्रमण हटाने गई पुलिस पर हमला

### एसपी समेत कई पुलिसवाले घायल; 70 घरों पर चल रहा बुलडोजर, 2000 जवान तैनात



**पटना:** पटना में अतिक्रमण हटाने पुलिस पर हमला हुआ है। इसमें कई पुलिस वाले बुरी तरह जख्मी हुए हैं। सिटी एसपी अमरीश राहुल भी इस हमले में घायल हुए हैं। दरअसल, पुलिस राजीव नगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इसके लिए 17 जेसीबी को लगाया गया है। 2000 से अधिक पुलिस बल की तैनाती की गई है। स्थानीय लोगों के विरोध के बाद भी पुलिस की कार्रवाई नहीं रुक रही है। पुलिस मकानों को ध्वस्त किया। लोग अपने घरों की छत से दूसरे घरों को टूटते हुए देखा। मौके पर पटना डीएम भी पहुंच चुके हैं। राजीव नगर थाना क्षेत्र के नेपाली नगर में 70 घरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में खासा रोष है। पुलिस को कहना है जब हम अतिक्रमण हटाने आएं तो स्थानीय लोगों ने हम पर हमला कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता पर पुलिस ने बजवाई डुगडुगी

**झूंसी।** पुलिस ने सरायइनायत थाना क्षेत्र के रतौरा निवासी एक तथाकथित अधिवक्ता के घर डुगडुगी बाजवा कर कुर्की की नोटिस चस्पा की। झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि रतौरा निवासी राजेश सिंह तथा कथित अधिवक्ता है। दस्तावेज में फ्रॉड करने के मामले में 2019 में झूंसी थाने में उनपर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था तब से वह से फरार है। रविवार को उनके घर पर डुगडुगी बजावा कर नोटिस चस्पा की गई है। उन्होंने बताया कि अगर वह जल्द हाजिर नही होंगे तो उनके घर पर कुर्की की भी कार्यवाही की जायेगी।

### युवक जालसाजी का हुआ शिकार

**करछना।** करछना तहसील के अंतर्गत ग्राम पचदेवरा निवासी प्रमाशू जौहरी मोबाइल से लोन के लिए अप्लाई किया था बजाज फाइनेंस लिमिटेड कंपनी में इसके माध्यम से कंपनी से फोन आया कि आपको कुछ रुपए का अदा करना होगा तब जाकर आपका लोन मिलेगा प्रमाशू जौहरी को जालसाजी के तहत ?162150 खाते में ट्रांसफर करा लिया गया है इसके बाद सभी अपना मोबाइल बंद कर लिए हैं युवक दर दर भटक रहा है इसकी शिकायत करछना थाना प्रभारी व पुलिस अधीक्षक अपराध प्रयागराज को लिखित शिकायत देकर लगाई न्याय की गुहार लगाई है।

# हाइवे पर खड़े डंफर से दूसरे डंफर की जोरदार भिड़ंत, चालक का पैर

## घंटो बाधित रहा मीरजापुर-प्रयागराज हाइवे मार्ग



हाइवे पर खड़ी डंफर से टकराई अन्य डंफर हादसे के बाद का दृश्य

अखंड भारत संदेश

**करछना।** कचरी गांव के सामने मिर्जापुर प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह 3:30 बजे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बता दें कि रविवार भोर के वक्त एक डंपर चालक मार्ग के बगल वाहन खड़ा करके सो रहा था। उसी बीच अन्य डंपर चालक मेजा की ओर से गिट्टी लादकर मार्ग से गुजर रहा थो। अभी वह कचरी गांव के सामने पहुंचे थे कि मार्ग पर पहले से खड़े डंपर के पीछे की ओर एक के बाद एक दो डंपर चालक अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी । घटना के बाद डंफर पर लदा गिट्टी समूचे मार्ग पर बिखर गया । हादसे में क्षेत्र के अमिलो गांव निवासी डंफर चालक पारसनाथ पुत्र रामानंद का एक पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल होकर वाहन में फसने से चीखता चिल्लाता रहा। जबकि दूसरा डंपर चालक बाल-बाल बच गया। वही वाहनों के बीच हुई भिड़ंत में तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीणों में जगहट हो गई। जहां धीरे-धीरे लोगों की भीड़ जुट गई। जिसके बाद उपस्थित लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए रस्सियों के सहारे वाहन में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल कर पास के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेज दिया गया। इस बीच लगभग 3 घंटे तक मार्ग के दोनों तरफ आवागमन पूर्ण रूप से बाधित रहा। घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी इलाकाई पुलिस मौके पर नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों द्वारा डंफर चालक के लिए की गई मदद का लोगों ने खूब सराहा।

## मांडा में ट्रेन के आगे कूदा युवक, मौत



**मांडा।** क्षेत्र के गरेथा गांव के सामने दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर एक युवक ट्रेन के आगे कूद गया। जिससे युवक की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के कोठरी निवासी देवेंद्र जैसल (24) पुत्र दिनेश जैसल रविवार की सुबह गरेथा गांव स्थित बाराही माता धाम के सामने ट्रेन के आगें कूद गया। जिससे युवक के परखच्चे उड़ गए और मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की बाइक के नम्बर के जरिये शिनाख्त करते हुए परिजनों को जानकारी दिया। उक्त जानकारी पर रोते बिलखते परिजनों सहित ग्रामीण घटनास्थल पहुचें। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है कि युवक ने घरेलू कलह के चलते आत्मघाती कदम उठाया है।

## न्यूज झरोखा

### पालीथीन वहिष्कार के लिए विहिप करेगा जनजागरण



**प्रयागराज।** विश्व हिन्दू महासंघ प्रयागराज की एक बैठक श्यामा गेस्ट हाउस में जिलाध्यक्ष राजकुमार केशरवानी की अध्यक्षता में हुई जिसे सम्बोधित करते हुए प्रयागराज मण्डल प्रभारी राम प्रसाद यादव ने संगठन के द्वारा पालीथीन का वहिष्कार करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने का आह्वाहन किया। बैठक में उपस्थित मातृशक्ति की प्रदेश मन्त्री डाक्टर रमा सिंह ने मातृशक्ति के सम्भावित प्रान्तीय पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि यह सम्मेलन प्रयागराज में होना है तो मातृशक्ति की बहनों को अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जितेन्द्र बजरंगी ने नूपुर शर्मा के समर्थन के बयान को शेयर करने के कारण की गई कन्हैया की दर्दनाक हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की।सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गणेश श्रीवास्तव ने प्रयागराज में सनातन हिन्दू संस्कृति को जागृत करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करने तथा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करने का सुझाव दिया। बैठक में सर्वश्री आनन्द जी ठण्डन, देवाशीष श्रीवास्तव, आशुतोष त्रिपाठी, राहुल, बृजेन्द्र त्रिपाठी, मुन्ना रोशनी, अग्रवाल अरविंद अग्रवाल, एडवोकेट कुलदीप केशरवानी, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, प्रदीप यादव, नीलम गिरि, विशाल तिवारी, पूनम अग्रवाल, क्षमा दुबे सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

### वैचारिक शिक्षक वेलफेयर की बैठक आहूत

#### डॉ.सोनेलाल पटेल जी की जयंती पर सभी पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके जयंती मनाई



**कोरांव।** शिक्षक वेलफेयर एसोशिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि किसानों,कमेरा,वंचितों, शोषितो के मसीहा,अपना दल के संस्थापक,गुलामी की जंजीरों से बाहर आने हेतु दूसरी आजादी का आवाहन करने वाले बोधिसत्व महापुरुष डॉ.सोनेलाल पटेल को हम सब शत शत नमन करते हुए उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से हमे सीख लेनी चाहिए और आपकी जयंती पखवारा मनाने हेतु आवाहन किया गया ।कार्यक्रम के अंत में शिक्षको की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतू बृहद चर्चाएं हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष डॉ.ज्ञान प्रकाश सिंह,प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार वर्मा,मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह,जिला महामंत्री नवनीत यादव,जिला कोषाध्यक्ष सूर्यवली गुप्ता,मंडल संगठन मंत्री सयाराम गुप्ता,सैदाबाद ब्लॉक महामंत्री दया शंकर गुप्ता,मेजा ब्लॉक महामंत्री अमर जन जीत पटेल,जिला संगठन मंत्री अमित गुप्ता, भारती भूषण भारतीया,जिला संयोजक योगा सतेंद्र प्रजापति इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# विद्यालय का छत गिरने से टला बड़ा हादसा

## राजत की सांस : रविवार अवकाश होने से स्कूल था बंद

**लेडियारी।** विकास खंड कोरांव के ग्रामपंचायत देवरी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के भवन का छत भरभरा कर गिरने से बहुत बड़ी अनहोनी टल गयी है। रविवार शाम 4 बजे उक्त विद्यालय छत पूरी तरह बैठ गया जिसका निर्माण 20 वर्ष पूर्व कराया गया था। स्कूल में रविवार को अवकाश के कारण बन्द होने से विद्यालय में न तो अध्यापक थे और न ही छात्र -छात्राएं मौजूद थे।उक्त पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर था।इसके बावजूद अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया और आज शाम चार बजे छत भर भरा कर बैठ गया।यदि बच्चे मौजूद होते तो अध्यापक सहित दर्जनों की जाने चली जाती।शासन के आदेश के बावजूद जर्जर भवनों की नीलामी नहीं की गई ।जो अधिकारियों की लापरवाही के कारण बड़ी अनहोनी टल गयी केवल स्कूल का छत ही गिरा।

# जिला सहकारी बैंक सभागार में मनाया गया 100वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस

अखंड भारत संदेश





**जसरा।** जिला सहकारी बैंक में शनिवार को 100 वां अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस बैंक सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील चंद्र श्रीवास्तव द्वारा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अनिल कुमार शर्मा द्वारा सहकारिता के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया गया। श्री शर्मा ने कहा कि सहकारिता का तात्पर्य सहभागिता है। सरल शब्दों में कहें तो मिलजुल कर काम करने को सहकारिता कहा जाता है। साथी हाथ बढ़ाना के मकसद से समस्त मानव जगत का कल्याण करना है। हालांकि 1895 में अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन आईसीए का गठन किया गया था और 1927 से जुलाई के पहले शनिवार को सहकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि दुनिया भर में सहकारी समितियों के योगदान को उजागर किया जा सके। बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील चंद्र शर्मा द्वारा अपने भाषण में सहकारिताएं जन-केंद्रित उद्यम हैं जिनका स्वामित्व, नियंत्रण और संचालन उनके सदस्यों द्वारा उनकी सामान्य आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया जाता है। इस वर्ष का उत्सव संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त सहकारिता का 27 वां अंतरराष्ट्रीय दिवस और 99 वां अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस रहा। अपर जिला सहकारी अधिकारी संजय पांडेय,जगदीश सिंह एवं अश्विनी सिंह द्वारा भी सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन बैंक के अनुभाग अधिकारी मोहम्मद बिलाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को उप-महाप्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता एवं राम ऐसे यादव द्वारा भी सम्बोधित किया गया । कार्यक्रम में बैंक अधिकारी आशीष सिंह , मनोज सिंह, महेंद्र सिंह , जाहिद फसीही, हरेंद्र भारती, तबस्सुम बेगम , प्रेम तिवारी , कृष्ण कुमार गुप्ता , विक्रम प्रताप सिंह,संदीप सोनकर आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीडीओ नें वृक्षारोपण हेतु स्थल का किया औचक निरीक्षण



वृक्षारोपण के लिए ग्राम पंचायत घटवा में भूमि का निरीक्षण करते खण्ड विकास अधिकारी।

**करछना।** जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार मौर्य नें रविवार को खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार एवं सहायक विकास अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा, के साथ विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत घटवा में वृक्षारोपण हेतु भूमि का किया निरीक्षण उस दौरान स्मृति वन हेतु स्थल का जायजा लेते 1000,प्रजाति वार के वृक्ष लगाने का निर्देश दिया तथा वही अमृत वाटिका स्थल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने ग्राम पंचायत अधिकारी प्रीती,शुक्ल व ग्राम प्रधान को सख्त निर्देश दिया कि उक्त कार्य को पांच जुलाई को वृहद् वृक्षारोपण कार्य के पूर्व तैयारियां समय पर पूर्ण कराएं निरीक्षण के दौरान देव कुमार खंड विकास अधिकारी करछना, विवेक कुमार मिश्रा सहायक विकास अधिकारी पंचायत, मनीष शुक्ला कंप्यूटर ऑपरेटर आदि मौजूद रह।

## सभी नागरिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण केलिए संदेश दे : देव कुमार

### विकास खंड करछना के ग्राम पंचायतों में 5 जुलाई को होगा वृहद वृक्षारोपण



**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 5 जुलाई को लक्ष्य के सापेक्ष में 151000 पौधरोपण कराया जाएगा जिसके सापेक्ष में 149000 पौधे ग्राम पंचायतों को सुपुर्द करा दिए गए हैं जहां पर प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 1200 से 1500 पौधों को पंचायतों में प्रधानों को सुपुर्द करा दिया गया है पंचायत सचिव प्रधान और ग्रामीण मिलकर विकासखंड करछना की 80 ग्राम पंचायतों में 5 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण कार्य करेंगे उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने प्रधानों को निर्देशित किया है कि पंचायत भवन स्कूल अमृत वाटिका अमृत सरोवर आंगनवाड़ी केंद्र आदि स्थानों पर 5 जुलाई को वृक्षारोपण कर पर्यावरण को नया संदेश दें जिससे गांवो को हरा भरा व पर्यावरण प्रदूषण से निजात मिल सके।

## समाचार प्रकाशित करने पर एस आई ने पत्रकार को फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज करके टाप टेन अपराधी बनाने का आडियो वायरल

**लेडियारी।** जनपद प्रयागराज अन्तर्गत खीरी थाना छेत्र के एक हिन्दी दैनिक के रिपोर्टर द्वारा 24/06/2022 को समाचार जनसंदेश टाइम्स अखबार में प्रकाशित किया गया था। इसी बात को लेकर लेडियारी सहायता केंद्र चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक चन्द्रशेखर यादव द्वारा पत्रकार को धमकी देते हुए 107/16 की कार्यवाही करने के बाद लेडियारी बाजार से दश लोगों से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करने के बाद टाप टेन का अपराधी बनाने की बात आडियो वायरल हो रही है। जैसे पत्रकार के पास आडियो वायरल हुआ तो पत्रकार काफी भयभीत हो गया।जब इस प्रकरण की जानकारी अखवार के संपादको एवं संगठन पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय अध्यक्ष को जानकारी पत्रकार के द्वारा आडियो सहित भेजी गई तो इस प्रकरण को लेकर सग्यान में लेते हुए उच्च अधिकारियों को जानकारी देने के बाद पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के आफिस में पहुंच कर प्रार्थना पत्र दिया गया। तो प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच हेतु क्षेत्राधिकारी मेजा को डाक द्वारा भेज दिया गया है। प्रकरण को गंभीरता में लेते हुए क्षेत्राधिकारी मेजा द्वारा जांच हेतु उपनिरीक्षक चन्द्रशेखर यादव के मोबाइल पर काल कर जानकारी प्राप्त की गई।दरोगा ने बताया कि इनके खिलाफ शंकरगढ़ थाना में अंकित मुकदमा है लेकिन पत्रकार द्वारा सब इंस्पेक्टर शंकरगढ़ से रिपोर्ट लगाई गई तो 2009 से लेकर 2022 कल तक कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं पाया गया जिसकी रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी मेजा के व्हाट्सएप पर भेज दी गई है।



खेतों में धान की रोपाई करते

# बारा क्षेत्र में शुरू हो गई धान की रोपाई

अखंड भारत संदेश

**बारा।** धान की खेती के लिए प्रसिद्ध बारा क्षेत्र के कई गांव जहां अच्छी क्वालिटी की धान पैदा कर किसान अच्छा मुनाफा कमाते हैं यहां किसानों की आय का मुख्य साधन खेती है कमला पंप कैनाल में पानी छोड़े जाने से बारा क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के किसानों ने धान रोपाई का काम तेजी से शुरू कर दिया लोहगरा गांव के किसान बृजेश शुक्ला बताते हैं कि हम लोग एक बीघा में 18से 20कुंतल धान पैदा करते है कुछ किसान बटाई पर किसान से खेत लेकर धान की खेती करते हैं बारा क्षेत्र के लोहगरा नीबी बारा खास असरवाई चामू उमापुर रेही बैजला रिगवा टिकरी कला आदि गांव अच्छी किस्म की धान की खेती के लिए जाना जाता है किसानों ने युद्ध स्तर पर धान रोपाई शुरू कर दिया है।



## चन्द्रशेखर की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**नैनी।** भीमआर्मी चीफ चन्द्रशेखर आजाद की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकताओं ने सौंपा ज्ञापन जयपुर में कोविड स्वास्थ्य सहायकों को समर्थन देने के लिए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद जयपुर पहुँच वहाँ पर कांग्रेस सरकार ने उनकी असवैंधानिक ढंग से गिरफ्तारी कर ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया । जिसके विरोध में आज आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओ ने माननीय राष्ट्रपति के लिए ज्ञापन प्रशासन के अधिकारियों द्वारा सौंपा जिसमे मुख्य मांग यह रही कि जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद व अन्य 20 से अधिक कार्यकर्ता को छोड़ा जाए व कोविड स्वास्थ्य सहायकों को नियमित किया जाए ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल महासचिव नरेंद्र गौतम,मण्डल उपाध्यक्ष अखिलेश आजाद,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अब्दुल दानिश, राहुल देव आजाद पूर्व विधायक प्रत्याशी, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अभिषेक गौतम, महानगर अध्यक्ष श्रवण सोनकर, साराँश दीक्षित, मनीष प्रताप कुरील व अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विकास के दावों की पोल खोलता गांव में जमा पानी

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** विकासखंड उरूवा के रैपुरा गांव में विकास की ऐसी गंगा बही कि पहली बारिश में समूचा गांव जलमग्न हो गया।बता दे कि प्रदेश की योगी सरकार गांव के विकास की कितनी भी योजनाएं लाएं लेकिन जब ग्राम प्रधान ही योजनाओं का बंटरबाट करने में लगे हो तो गांव का विकास कत्तई नहीं हो सकता। अगर होगा भी तो वो केवल कागजों पर ही विकास की नदियां दिखाई देगी।लेकिन रैपुरा गांव के ग्रामीण विकास को अपनी आंखों से पिछले कई सालों से देखते चले आ रहे है।रैपुरा गांव में विकास की ऐसी गंगा बही की गांव वालों का एक कदम चलना भी दूभर हो गया है।पहली बारिश में ही समूचे गांव में जलजमाव हो चुका है कहीं पर भी जल निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अभी यह पहली बारिश का हाल है आगे का आलम क्या होगा यह कोई नहीं बता सकता।ग्राम विकास अधिकारी सहित ब्लॉक महकमा भी नजरे इनायत नहीं कर रहा, जिससे कि ग्रामीणों की मुश्किलें कम हो सके। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए समय रहते ग्राम प्रधान सहित ब्लॉक महकमे को इस पर ध्यान देना चाहिए जिससे कि ग्रामीणों की परेशानियों पर मरहम लगाया जाए सके। इसी ताक में ग्रामीण ग्राम प्रधान तथा ब्लॉक की तरफ टकटकी लगाए बैठे हैं।

## कचरे के ढेर लगा रहे स्वच्छ भारत मिशन को पलीता



**मेजा रोड।** नगर से लेकर गांव तक को स्वच्छ रखने व स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा। इस अभियान के तहत केन्द्र सरकार की ओर से हर वर्ष स्वच्छता के मानदंडों के अनुरूप जिलों को रैंक देकर पुरस्कृत किया जाता है। इसके बाद भी जिम्मेदारों की उदासीनता सरकार के इस अभियान पर भारी है। इसका जीता जागता उदाहरण नगर व गांवों में जगह–जगह लगे कचरे के ढेर दे रहे हैं। मेजारोड के कोहड़ार मार्ग पर सड़क का किनारा हो या फिर गलियां, दुकानों के आसपास सहित गंदगी फैली रहती है और व नालियां बजबजाती रहती हैं। कूड़े से जहां संक्रामक बीमारियों का फैलाव हो रहा है वहीं बजबजाती नालियों से उठती दुर्गन्ध से कस्बा वासियों को सांस लेना भी दुश्वार हो रहा है। कहने को तो कस्बे में सफाई करने के लिए सफाईकर्मी की तैनाती हैं, पर वह अपनी जिम्मेदारियों के प्रति कितना सजग है यह कस्बे में फैली गंदगी को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### विशेष लोक अदालत मे 56 वादों का किया गया निस्तारित

**प्रयागराज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के तत्वाधान में रविवार को जनपद न्यायालय इलाहाबाद में विशेष लोक अदालत (आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के लिए) का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। विशेष लोक अदालत मे 56 वादों को निस्तारित किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश, इलाहाबाद श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव द्वारा 03 वादों को निस्तारित किया गया। कमर्शियल कोर्ट द्वारा 10 वादो, अपर जनपद न्यायाधीश- प्रथम द्वारा 2 वादो, अपर जनपद न्यायाधीश-16 द्वारा 07, स्पेशल जज पॉस्को -3 द्वारा 06, स्पेशल जज एमपी ६ एमएलए द्वारा 05 वादों को निस्तारित किया गया। यह जानकारी प्रज्ञा सिंह-द्वितीय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इलाहाबाद द्वारा दी गई।

# हर्ष दुबे बने एक दिन के प्रयागराज एडीजी

## 12 वर्ष के उम्र में ही कैंसर से पीड़ित है हर्ष दुबे, मदद के लिए जिले की तीन हस्तियां आई सामने



सलामी लेते 1 दिन के एडीजी हर्ष दुबे



एडीजी प्रेम प्रकाश से हाथ मिलाते हर्ष दुबे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रविवार को कैंसर के मरीज हर्ष दुबे प्रयागराज के एक दिन के लिए एडीजी बनाए गए हैं। हर्ष दुबे के इलाज के लिए एडीजी प्रयागराज प्रेम प्रकाश, डॉक्टर पॉल और समाजसेवी पंकज रिजवानी आगे आए हैं। हर्ष दुबे बोन कैंसर से पीड़ित है। उसका दो साल से उपचार चल रहा है। रविवार को उन्हें एक दिन लिए एडीजी बनाया गया। इस दौरान तमाम मातहत अधिकारी मौजूद रहे। उन्हें सलामी दी गई। उन्होंने एडीजी से संबंधित कई कार्य भी किए और आदेश जारी किया। कैंसर मरीज हर्ष की मदद के लिए जिले की तीन हस्तियां सामने आई हैं। हर्ष का हौसला बढ़ाने के लिए एडीजी प्रेम प्रकाश ने बॉडी किट देने के साथ उसे एक दिन का एडीजी भी बनाया। हर्ष ने भी एक वरिष्ठ अधिकारी की तरह कार्यालय में बैठक पुलिस की व्यवस्था को समझा। कई फाइलों पर सिग्नेचर भी किए। कमला नेहरू हॉस्पिटल के डॉक्टर और पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित डॉ. बी. पॉल के साथ ही डॉ. राधारानी घोष, सर्जन विशाल केवलानी और पंकज रिजवानी भी मौजूद रहे। हर्ष के पिता शहर में ई-रिक्शा चलाते हैं। इसलिए एडीजी और अन्य समाज सेवियों ने फैसला किया है कि वह हर्ष के लिए कुछ ऐसा कार्य करेंगे जिससे की उसका मनोबल उठे और वह अपने को गौरवान्वित महसूस करे। इसी क्रम में उसे एक दिन का एडीजी बनाया गया और उससे वह सारे कार्य लिए गए जिसे एडीजी द्वारा किया जाता है। एडीजी की कुर्सी पर बैठने के बाद अधिकारियों ने उसे सलामी दी। यह देख हर्ष के पिता संजय दुबे की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।हर्ष का इलाज कर रहे डॉ. बी. पॉल का कहना है कि कैंसर मरीज को हमेशा हिम्मत बनाकर रखनी चाहिए। कैंसर लाइलाज बीमारी तो है लेकिन मरीज के अंदर यदि हिम्मत हो और सही इलाज मिले तो कैंसर को हराया भी जा सकता है।

## न्यूज झरोखा

### अग्निपथ योजना के विरोध में मांगी भीख, मुंडवाया सिर



**प्रयागराज।** केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। सांसद संजय सिंह के आह्वान पर देश भर में चलाए गए आंदोलन के क्रम में प्रयागराज में भी प्रदर्शन हुआ। रविवार को आप कार्यकर्ता पत्थर गिरजाघर पर जमा हुए और योजना की निंदा की। युवाओं ने योजना के विरोध में भिक्षा मांगी और सिर मुंडवाया। यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष विशाल सिंह यादव ने कहा कि अग्निवीर योजना केवल युवाओं को ठगने के लिए है। इसमें न तो पेंशन है और न कोई चिकित्सकीय सुविधा। चक्रधारी तिवारी ने कहा कि ये योजना अगर सही है, सबसे पहले भाजपा के विधायक और सांसदों के बेटों को अग्निवीर बनाया जाए। राहुल सिंह पटेल और ओम मिश्रा ने सिर मुंडवाकर और भिक्षा मांग कर 420 रुपये का ड्राफ्ट बनवाकर प्रधानमंत्री को भेजकर इस योजना पर विरोध दर्ज कराया। देवानंद यादव, अमन तिवारी, राहुल पांडेय, रितेश पथिक, अंकित राव, अंगद यादव, अभय सिंह, सचिन पटेल, देवेंद्र, गौरव सोनी, मनोज यादव, सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिव कुमार तेजस्वी बने विद्यार्थी परिषद के विभाग सह संयोजक



**धनूपुर।** गाजीपुर में चल रहे चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग के समापन पर, प्रांत भर में हुए फेर बदल, नई जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकताओं ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया। हंडिया तहसील के हरीपुर मिश्रपुर गांव के निवासी शिव कुमार तिवारी तेजस्वी की सक्रियता और कार्यों को देखते हुए, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्रयाग विभाग का विभाग सह संयोजक बनाया गया है।यह घोषणा गाजीपुर में चल रहे एबीवीपी के चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग के समापन पर प्रांत अध्यक्ष डॉ सुचिता त्रिपाठी ने किया। इसके पहले नगर मंत्री, तहसील संयोजक व जिला सह संयोजक, जिला संयोजक, प्रदेश कार्यसमिति आदि दायित्वों का निर्वहन कर चुके तेजस्वी को विभाग सह संयोजक बनाने की घोषणा पर पूर्व प्रांत कार्यसमिति सदस्य राजकुमार कश्यप, नामित सभासद राय साहब केसरी, सुमित तिवारी, रामेश्वर तिवारी, पवन, विशाल सत्या, आशीष त्रिपाठी आदि शुभ चिंतकों व कार्यकताओं ने शुभकामनाएं और बधाई दिया है।

### अब मोहि बा भरोस हनुमंता बिनु हरि कृपा मिलही नहीं संता



**जंघई।** चनेथू पाही गांव में हीरालाल शुक्ल के पुत्रों अशोक शुक्ल, पवन शुक्ल, महेंद्र शुक्ल द्वारा परिवार, क्षेत्र, समाज की उन्नति के लिए सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया भजन कीर्तन कर पूजा अर्चना की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। गायक कलाकार सत्यम मिश्रा मासूम एवं उनके सहयोगियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

### जमीनी विवाद को लेकर तीन जगह मारपीट आधा दर्जन घायल

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर एक गांव में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें कई घायल हो गए। जबकि दो गांव में नाली के विवाद को लेकर मार पीट हुई है। पुलिस ने तीनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय केशव उर्फ बागी में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें एक ओर से सोनू पटेल जबकि दूसरे पक्ष की ओर से विकास और उनके पिता श्री राम को गंभीर चोटें आयी है। दोनों घायलों को रेफर कर दिया गया है । एक पक्ष के घायल सोनू पटेल पुत्र रामसुमेर ने फोटो देवी ,विकास, मोनिका, श्रीराम, इन्दी देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। जबकि दूसरे पक्ष के घायल विकास और उनके पिता श्रीराम ने सोनू पटेल, रामसुमेर सहीत आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम कटरादयाराम निवासी शिव प्रसाद पुत्र रामरतन का आरोप है कि उनके विपक्षी सार्वजनिक नाली को बंद कर दिए मना करने पर परिजनों को मारे पीटे । शिवप्रसाद ने मऊआइमा थाने में राम प्रकाश ,राजेन्द्र प्रसाद ,ननकू ,प्रेम प्रकाश ,सुरेन्द्र कुमार, दीपक कुमार , श्याम ,सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । उधर ग्राम उमरिया बादल गेंदा निवासनीय नीतू सिंह पत्नी नागेंद्र सिंह का आरोप है कि उनके विपक्षी उसके खेत का मेड तोड दिए । मना करने पर मारे पीटे । नीतू सिंह ने वीरेन्द्र कुमार और विक्रम सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

# फांसी की फोटो से चीफ प्रॉक्टर को बदनाम करने की साजिश



**अखंड भारत संदेश**

### ट्विटर पर पुलिस ने खंडन जारी किया

वायरल फोटो को संज्ञान में लेकर प्रयागराज पुलिस ने रविवार को खंडन जारी किया। पुलिस के ट्विटर हैंडल से बताया गया है कि एक जुलाई को इविवि के किसी युवक ने स्वयं को एलएलबी छात्र दशार्ते हुए मिथ्या पोस्ट चीफ प्रॉक्टर हर्ष कुमार के विरूद्ध की। इसमें युवक फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। उपरोक्त पोस्ट पूर्णतयः मिथ्या है। इस फोटो को वायरल करने के संबंध में वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय परिसर में विधि के छात्रों ने एक युवक के गले में फांसी का फंदा लगाकर उसकी फोटो ले ली। अब उस फोटो की मदद से इविवि के चीफ प्रॉक्टर को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इसकी जानकारी मिलने पर कर्नलगंज पुलिस ने मानहानि, धारा 144 का उल्लंघन, धमकी, गाली देने और साइबर अपराध का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने वालों की पहचान कर रही है।चीफ प्रॉक्टर डॉ. हर्ष कुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है कि एक जुलाई को इविवि के एलएलबी के छात्रों और अज्ञात छात्रों ने एक युवक की आत्महत्या की कोशिश की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की है। इसके साथ ही उन्हें बदनाम करने की साजिश रची गई। वायरल फोटो से छात्र भ्रमित हो रहे हैं। पुलिस को बताया कि इविवि में परीक्षा संबंधित निर्णय परीक्षा समिति से लिया जाता है। इस समिति का सदस्य प्रॉक्टर नहीं होता है। प्रॉक्टर का काम अनुशासन से संबंधित है। इस तरह की पोस्ट वायरल करके चीफ प्रॉक्टर को मानसिक प्रताड़ित करने के साथ इविवि की प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहे हैं। यह भी बताया कि धारा 144 लागू है। इसके बाद भी साजिश के तहत छात्रों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में सीओ कर्नलगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि फांसी का फंदा लगाकर उसकी फोटो लेने और उसे वायरल करने वाले आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस यह पता लगा रही है कि सबसे पहले किसने फोटो शेयर किया। फोटो लेने वाले कौन-कौन थे। इनके खिलाफ संगीन धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

### धूमनगंज में गैंगरेप के बदले रेप केस, युवक को जेल

**प्रयागराज।** गैंग रेप के बदले रेप का केस दर्ज कराने के मामले लगातार जारी हैं। सही गलत की चिंता छोड़ पीड़िता के बयान पर पुलिस आरोपियों को जेल भेजने में लगी है। इस बार भी मामला धूमनगंज क्षेत्र का है। गैंगरेप में दो भाइयों के जेल जाने के बाद अब रेप पीड़िता के भाई को पुलिस ने रेप के क्रॉस मुकदमे में जेल भेजा है। धूमनगंज की एक महिला का शौहर इस दुनिया में नहीं है। प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। पिछले साल महिला ने अपने दोनों जेठ के खिलाफ गैंगरेप की एफआईआर धूमनगंज थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस को बताया कि संपत्ति बंटवारे के लिए दोनों जेठ ने उसे बुलाया और कमरे में गलत काम किया। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर दो भाइयों को जेल भेज दिया। इस कहानी में कुछ माह बाद नया मोड़ आया। अब पीड़िता की जेठानी ने पुलिस से मदद मांगी। उसने अपने पति पर रेप का आरोप लगाने वाली महिला के भाई पर रेप और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर रेप पीड़िता के भाई को गिरफ्तार करके शनिवार को जेल भेज दिया।



### कलविन अस्पताल : आईसीयू की मांग कों लेकर इलाहाबाद विकास मंच ने आयुक्त को सौपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विकास मंच के बद्री चौरसिया के नेतृत्व में मोती लाल नेहरू अस्पताल (कलविन) में आई सी यू, एम आर आई, सिटी स्कैन व डॉक्टरों के रिक्त पदो पर नियुक्ति कों लेकर आयुक्त प्रयागराज कों देने पहुचे, तो अपर आयुक्त पुष्पराज सिंह ने ज्ञापन लिया।इस अवसर पर मंच अध्यक्ष बद्री चौरसिया ने अपर आयुक्त प्रशासन पुष्पराज सिंह कों बताया की आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस अस्पताल में आई सी यू, एम आर आई, सिटी स्कैन की सुविधा नहीं है। पुष्पराज सिंह ने ज्ञापन लेने के बाद आश्वासन दिया की आपकी मांग कों हम सीएमओ प्रयागराज व उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियो प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। ज्ञापन देने वाले में मुख्य रूप से दूसरी आजादी आंदोलन के संयोजक डॉ नीरज व सर्वश्री गुलफान खान, अशोक अग्रहरि, कालानिधि त्रिपाठी, रवि बाबू जायसवाल, शंभू ना चौरसिया सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# सपा छोड़ कार्यकर्ताओं ने थामा अपना दल एस का दामन

## कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने दिलाई सदस्यता

**अखंड भारत संदेश**



**रत्योंरा।** अपना दल (एस) 2 जुलाई को प्रत्येक वर्ष डॉ सोनेलाल पटेल के जन्मदिन को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में का काम करता चला आ रहा है। जिसके क्रम में 2 जुलाई को कैंप कार्यालय लखनऊ में जन स्वाभिमान रैली का कार्यक्रम में दर्जन भर लोगों ने समाजवादी पार्टी छोड़ कर अपना दल एस का दामन थाम लिया। जिन लोगों ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण की उनमें मोहम्मद मेराजुद्दीन उर्फ मक्खन भाई पार्षद प्रतिनिधि, समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद सर शाहरुख खान, मोहम्मद शाहनवाज खान, मोहम्मद परवेज खान, मोहम्मद इदरीश, मोहम्मद अकरम अली, मोहम्मद इरशाद अली, मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद नाजिम खान, मोहम्मद शाहरुख कुरैशी, मोहम्मद तारिक, अफताब मोहम्मद, अकरम मोहम्मद, आरिफ सिद्दीकी, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद शकील कुरैशी आदि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने पार्टी छोड़कर अपना दल एस की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। अपना दल एस पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने उपरोक्त सभी लोगों को सदस्यता दिलाई। सदस्यता ले चुके सभी लोगों ने मेहनत कर अपना दल के कारवां को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उपरोक्त लोगों को सदस्यता दिलाने में विशेष योगदान डॉ हरीश चंद पटेल जिलाअध्यक्ष चिकित्सा मंच यमुनापार प्रयागराज का रहा।

### आज से पूरी क्षमता के साथ हाईकोर्ट में होगा कामकाज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट और लखनऊ खंडपीठ में सोमवार यानी 4 जुलाई से पूरी क्षमता के साथ कामकाज होगा। ग्रीष्मा अवकाश होने से अभी तक हाईकोर्ट में विशेष कोर्ट ही काम कर रही थीं, लेकिन सोमवार से हाईकोर्ट और उसकी लखनऊ खंडपीठ में गर्मी की छुट्टियों की समाप्ति के बाद पूरी क्षमता के साथ सामान्य दिनों की तरह ही कामकाज होगा। हाईकोर्ट में इस बार 1 जून से 1 जुलाई तक गर्मियों की छुट्टियां थीं। हालांकि, एक जुलाई को पहले अवकाश घोषित नहीं किया गया था लेकिन क्योंकि एक जुलाई को शुक्रवार था।इस वजह से हाई कोर्ट केवल एक दिन के लिए खुलता। हाईकोर्ट प्रशासन ने 1 जुलाई को अवकाश घोषित करते हुए उसकी जगह पर एक दिन बाद में सुनवाई करने का आदेश पारित किया है। शनिवार को 2 जुलाई और उसके आगे 3 जुलाई को रविवार होने की वजह से छुट्टियां चल रही थी। अब 4 जुलाई को फिर से पूरी क्षमता के साथ कोर्टों में कामकाज होगा।

# सेमेस्टर परीक्षा के विरोध में विधि के छात्रों ने दाखिल की याचिका

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में सात जुलाई से प्रस्तावित एलएलबी प्रथम एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं निरस्त किए जाने की मांग को लेकर 17 दिनों से आंदोलन कर रहे छात्रों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी है। छात्र मांग कर रहें हैं कि ओपन बुक परीक्षा या एसाइनमेंट आधारित मूल्यांकन कराया जाए।एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र प्रवीण कुमार सोनी, प्रिंस यादव, विनिता पांडेय, शिवांशी त्रिपाठी, शुभम मौर्या, रमा रमन शुक्ला एवं अन्य छात्रों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर ओपन बुक परीक्षा या एसाइनमेंट आधारित मूल्यांकन कराए जाने की प्रार्थना की है। इसके पीछे छात्रों ने तर्क दिया है कि कोविड-19 के कारण सत्र काफी पिछड़ गया है। बार कौंसिल ऑफ इंडिया की गाइडलाइन के अनुसार एक सेमेस्टर की कक्षाएं कम से कम 15 सप्ताह की होनी चाहिए, लेकिन इलाहाबाद विश्वविद्यालय में केवल 48 दिन यानी सात हफ्ते तक ही कक्षाएं चलीं। छात्र यह भी कह रहे हैं कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने भले ही सिलेबस में 20 फीसदी की कटौती कर दी हो, लेकिन इसके अनुपात में जितने दिनों की कक्षाएं होनी चाहिए थीं, उतने दिन भी नहीं चलीं। कम से कम 60 दिन की कक्षाएं तो होनी ही चाहिए थीं। छात्रों ने इसी को आधार बनाते हुए एलएलबी में एसाइनमेंट आधारित मूल्यांकन या ओपन बुक परीक्षा कराने की मांग की है। छात्रों का यह भी कहना है कि विश्वविद्यालय लगातार विधि के पाठ्यक्रम में कटौती कर रहा है जो उचित नहीं है।

### किताबें लेकर धरने पर बैठे छात्र

एलएलबी पहले एवं चौथे सेमेस्टर की परीक्षा के विरोध में इविवि के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में रविवार को भी विधि के छात्रों का धरना जारी रहा। हालांकि, धरना स्थल पर छात्रों से अधिक संख्या में पुलिस फोर्स के लोग थे। धरने में शामिल कुछ छात्रों के हाथों में पाठ्यक्रम की किताबें भी नजर आईं। छात्रों का कहना है कि जब तक विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी मांगें नहीं मानता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### घर के दरवाजे से बाइक चोरी

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के बड़ी सब्जी मंडी के निकट स्थित अजीत कुमार त्रिपाठी पुत्र दिग्विजय नारायण त्रिपाठी के घर के बाहर खड़ी बाइक शाम होते ही गायब हो गई, जिसके बाद भुक्तभोगी ने नैनी कोतवाली में लिखित तहरीर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीत रोज मर्रा की तरह घर के बाहर खडी की, पर शाम लगभग साढ़े सात बजे जब वो अपने घर से बाहर आये तो देखा की बाइक गायब है।

### बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

**लेडियारी।** बिकास खन्ड कोरांव के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलसरा में शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई' बच्चे हाथों में रोग नियंत्रण संबंधी स्लोगन लिए हुए थे प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार मिश्र ने छात्रों एवं आम जनमानस को बरसात मौसम में आने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए बरसात के मौसम में फैलने वाली मौसमी बीमारियों को रोकने के लिए सफाई का विशेष ध्यान देने की बात कही । इस दौरान सहायक अध्यापक राकेश कुमार, बालिस्टर सिंह ,चंद्रशेखर प्रसाद, आदि के अलावा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।इस जागरुकता रैली को देखकर ग्रामीणों ने प्रशंसा करते हुए प्रधानाध्यापक को लेकर खुशी व्याप्त है।

# भाजपाइयों द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

## प्रकृति का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी : गणेश केसरवानी



**प्रयागराज।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से जन्म दिवस तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान को गति देते हुए आज खुल्दाबाद मंडल के द्वारा गाड़ीवान टोला स्थित पार्क के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि वृक्ष है तो जीवन है और वृक्ष नहीं रहेगा तो जीवन का अंत होगा इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि हर मनुष्य को अपने जीवन में एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए क्योंकि वृक्ष से ही प्रकृति का संरक्षण होता है प्रकृति का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर अमरूद, नीम पीपल, जामुन इमली, आम , बरगद , बेला, कनैल , आदि का वृक्ष लगाया गया।कार्यक्रम में वृक्षारोपण महानगर के प्रभारी विवेक अग्रवाल मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता विवेक अग्रवाल राजेश केसरवानी मण्डल महामंत्री अपूर्वा चंद्रा श्रीमती पल्लवी शुक्ला ,शरद केशरवानी ,अजय हेला, सीमा श्रीवास्तव ,हर्षित अग्रवाल नवीन श्रीवास्तव रजत सोनकर रूपेश सिंह रितेश हेला के साथ समस्त कार्यकर्ता गण भी उपस्थित रहे।

### दो पक्षो में गोली चलने की फर्जी सूचना पर पुलिस के हाथ पांव फूले

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाने में बागी में जमीनी विवाद को लेकर मार पीट की घटना को किसी शरारती तत्व ने थाने में यह सूचना दी कि गांव में गोली चल गयी है और ईट पत्थर चल रहे हैं। सूचना पर मऊआइमा पुलिस के हाथ पांव फूल गए। थाने की सारी फोर्स मौके पर पहुंच गई । पता चला कि गोली चलने की बात झूठी है । जिससे पुलिस ने राहत की सांस ली । तथा दो पक्षों के घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। पुलिस का कहना है कि फर्जी सूचना देने वाले तत्व का पता लगाया जा रहा है।

### लोगो ने चोरी के माल के साथ युवक को पकड़ पुलिस को सौप

**झूंसी।** क्षेत्र के सरायतकी में रविवार की सुबह स्थानीय लोगों ने एक युवक को चोरी के माल के साथ पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। सूचना मिलने पर पहुची पुलिस को सौंप दिया। इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि पकड़ा गया युवक बलिया जनपद के सिकन्दरपुर बहेरी गांव का कृष्णा विश्वकर्मा है जो काफी दिनों से क्षेत्र में चोरी की वारदात कर रहा था। युवक के पास से तीन चोरी के लैपटॉप, हेड फोन, चार्जर, दो जोड़ी पायल, चाँदी की लोटकी चम्मच व 16 सौ नगदी बरामद हुई है।

# गंगा सफाई में अहम रोल अदा करेंगे प्रशिक्षित गंगा दूत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय गंगादूत प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम रविवार को डाक्टर मुरली मनोहर जोशी इन्टर कालेज ,नैनी, प्रयागराज में किया गया। कार्यकम में गंगा ब्लॉक के युवाओं ने प्रति भाग किया । इस कार्यशाला में नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान के निदेशक कृष्णा मौर्या ने अलग-अलग गांव से आए युवाओं को कहानी वाचन, प्रभात फेरी इस साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर कहानी का निर्माण करना एवं विभिन्न मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक इत्यादि विषय पर उन्हें प्रशिक्षित किया। उन्होंने सभी को प्रोत्साहित किया कि युवा गंगादूत बनकर इसी माध्यम का प्रयोग करते हुए अपने आसपास के लोगों को जागरूक करेंगे। साथ ही नुक्कड़ नाटक की तैयारी प्रतिभागियों को करवाई। सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके पश्चात जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर सभी से सामूहिक चर्चा की गई एवं सभी गंगा दूतों ने बारी बारी से संरक्षण हेतु योगदान पर अपना विचार रखा ।जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण लेने के बाद सभी गंगा दूत अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए गंगा स्वच्छता में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि की डॉ मुरली मनोहर जोशी इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल गीता तिवारी द्वारा सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक अमन , रोहित मणि, अभय , गायत्री प्रजापति, निर्मल कांत ने खास योगदान दिया।

## संपादकीय

# धर्म की असली सीख

**राजस्थान** का चर्चित पर्यटक स्थल उदयपुर गलत कारणों से चर्चा में आ गया। रियाज अटारी और गौस मोहम्मद नाम के दो लोगों ने कन्हैयालाल नामक शख्स की दुकान में घुसकर निर्ममता से हत्या कर दी। पेशे से दर्जी मृतक कन्हैयालाल ने कुछ दिनों पहले भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी के समर्थन में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की थी, जिस पर शिकायत दर्ज होने के बाद उदयपुर पुलिस ने कन्हैयालाल को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। लेकिन जमानत मिलने के बाद कन्हैया को अलग-अलग नंबरों से फोन और मैसेज के जरिए जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। जिस पर 15 जून को कन्हैयालाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर अपने लिए सुरक्षा की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने इस धमकी को गंभीरता से शायद नहीं लिया और कुछ लोगों को थाने में बुलाकर समझा-बुझा कर शांति-मेल मिलाप से रहने का उपदेश देकर घर भेज दिया। उदयपुर पुलिस शायद आज के माहौल और धर्म के नाम पर बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति और कट्टरता के आकलन में चूक गई, नतीजा ये हुआ कि कन्हैयालाल को मिल रही धमकियां हकीकत बना दी गईं। उनकी दुकान में घुसकर पायजामा सिलाने की बात कहकर धारदार हथियार से उनकी हत्या करने वाले दोनों आरोपियों ने इस घटना के बाद एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें इस हत्या को नूपुर शर्मा की टिप्पणी का बदला बताया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए भी धमकी दी गई है। गौरतलब है कि महीने भर पहले नूपुर शर्मा ने पैगंबर साहब पर आपत्तिजनक बयान दिए थे और उस पर अफसोस भी तब जताया था जब कड़ी आपत्ति दर्ज की गई थी। हालांकि भाजपा ने तब कार्रवाई के नाम पर उन्हें प्रवक्कता के पद से हटा कर निलंबित कर दिया था। लेकिन नूपुर शर्मा को अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है, क्योंकि समाज में आग लगाने वाली बात कहकर वो खुद कहीं फरार हो चुकी हैं। अपनी शरणस्थली से नूपुर शर्मा देख रही होंगी कि धार्मिक कट्टरता की आग जब फैलती है तो किस तरह समाज को हिंसक बना देती है। नूपुर शर्मा ने जो कहा, उससे मुस्लिम समुदाय ही नहीं, दूसरे धर्मों के उदारवादी सोच रखने वाले लोग भी आहत हुए थे। क्योंकि यह प्रवृत्ति ही गलत है कि अपने धर्म की श्रेष्ठता साबित करने के लिए दूसरे धर्म को नीचा दिखाया जाए, या उसका अपमान किया जाए। और एक बार ये सिलसिला शुरू हो गया, तो इसे थामना बहुत कठिन होता है। तब ये भी तय नहीं किया जा सकता कि इसकी शुरूआत किसने की। भारत जैसे बहुलतावादी और सदियों से कई धर्मों को साथ लेकर चलने वाले समाज में तो यह बिल्कुल ही तय नहीं हो सकता कि पहला पत्थर किसने चलाया। क्योंकि आज की बात निकलते-निकलते इतिहास की गहराइयों में जा पहुंचती है। किसने मंदिरों को लूटा, किसने मस्जिदों को तोड़ा, किस राजा का साथ किस सेनापति ने दिया, किस सुल्तान ने सत्ता के लिए कौन से समझौते किए, इन बातों का हिसाब-किताब आज अगर होने लगे तो सिवाय तबाही के कुछ हाथ नहीं आएगा। लेकिन सत्ता की खातिर इतिहास को कुरेदने वाले और इतिहास को फिर से लिखने की चाह रखने वाले इस खतरे को समझते हुए भी इसे अनदेखा कर रहे हैं। नूपुर शर्मा का बयान नैतिकता और कानून दोनों लिहाज से गलत है और उदयपुर की घटना को अंजाम देने वालों का काम भी न नैतिक तौर पर, न कानूनी तौर पर स्वीकार्य है। आंख के बदले आंख वाला कानून पूरी दुनिया को अंधा बनाकर छोड़ेगा, ये बात सबको याद रखना चाहिए।

# भूकंप से तबाह अफगानिस्तान

**महेश शर्मा**

**अफगानिस्तान** में मंगलवार की आधी रात को 6.1 तीव्रता का एक विनाशकारी भूकंप आया। पिछले दो दशकों में यह सबसे भयावह भूकंप माना जा रहा है, जिसमें कम से कम हजार लोगों की मौत हो चुकी है और कितने बड़े पैमाने पर तबाही हुई है, इसका आकलन इतने जल्दी नहीं हो सकता। अफगानिस्तान के पकतीका और खोस्त इलाके में चारों ओर बबार्दी का आलम है। कई गांव खंडहर में बदल चुके हैं और इमारतों के मलबों में दबे इंसानों और जानवरों को बचाने के लिए मदद पहुंचाना भी मुश्किल हो गया है। हर दिशा में मातम पसरा दिख रहा है। भूकंप प्रभावित इलाकों के आसपास से गांव वाले मदद के लिए पहुंच तो रहे हैं, लेकिन बिना किसी खास उपकरण के, खाली हाथों से कांक्रीट और लकड़ियों का मलबा उठाना आसान नहीं है। सड़कें और मोबाइल टावर उखड़ चुके हैं, ऊपर से बारिश के कारण राहत सामग्री पहुंचाना भी मुश्किल हो रहा है। अफगानिस्तान में आम जनता के लिए हालात पहले ही नारकीय बने हुए हैं। गरीबी और भुखमरी की समस्या के साथ-साथ तालिबान का आतंक भरा शासन लोगों के जीवन को कठिन बना रहा है, उस पर से प्राकृतिक आपदा ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का भी जोर नहीं चलता। कितनी भी शक्तिशाली सरकार भूकंप या सुनामी जैसी आपदाओं को रोक नहीं सकती है, लेकिन अपनी मजबूती वह इन आपदाओं के दौरान लोगों तक अधिक से अधिक मदद पहुंचाकर दिखा देती है। अफगानिस्तान की जनता इस मदद से भी वंचित है। क्योंकि यहां पहले से प्रशासनिक और अधोसंरचना के स्तर पर कई सारी कमियां हावी हैं। तालिबान सरकार ने अपने संकुचित रवैये के कारण इस सुंदर और प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध देश का बुरा हाल करके रखा है। लड़कियों और महिलाओं पर तरह-तरह की पाबंदियां हैं। कहीं उनके पढ़ने पर फरमान जारी होते हैं, कहीं सार्वजनिक स्थल पर घूमने जाने के। तालिबान अपना सारा जोर धार्मिक कट्टरता और मध्ययुगीन मानसिकता को बढ़ाने में लगाए हुए है। जब तालिबान सत्ता में नहीं था, तब भी अफगानिस्तान में हालात अच्छे नहीं थे। गृहयुद्ध, आतंकवाद और विदेशी ताकतों की दखलंदाजी ने अफगानिस्तान का खूब नुकसान किया है।

# सरकार द्वारा प्लास्टिक पर प्रतिबंध काबिलेतारीफ !

**सुनील कुमार महला**

**हाल** ही में सरकार ने प्लास्टिक पर 01 जुलाई से प्रतिबंध लागू कर दिया है, यह अत्यंत ही काबिलेतारीफ कदम है, क्योंकि प्लास्टिक हमारे धरती के संपूर्ण पर्यावरण के लिए आज सबसे बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। लेकिन यहाँ हमें यह देखने की जरूरत अत्यंत महत्वपूर्ण है कि प्लास्टिक पर जो प्रतिबंध सरकार द्वारा लागू किए गए हैं, उसका असर आमजन और दुकानदारों पर कितना है ? मुझे लगता है कि फिलहाल तो इस प्रतिबंध का असर आमजन और दुकानदारों पर नाम मात्र का ही है। कोई भी इसे सामान्य सी बात ही मानता है और सरकार के प्रतिबंध को अनदेखा कर देता है लेकिन जानकारी देता चलूँ कि 19 तरह की प्लास्टिक की चीजों में से यदि किसी के पास एक भी पकड़ी गई तो उस पर एक लाख रुपये का जुमार्ना और पांच साल की सजा हो सकती है। सजा सख्त है लेकिन बावजूद इसके छोटे दुकानदार व सामान्य जन इसे हल्के में ले रहे हैं और उनमें सरकार के प्रतिबंध का कोई असर विरले ही नजर आ रहा है। वे ये सोचते हैं कि यह अत्यंत सामान्य सी बात है और यदि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग या उपयोग करेंगे तो उनका कुछ भी बिगड़ने वाला नहीं है लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। सजा के डर से ही नहीं अपितु हमें मानवजाति की सुरक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण का ख्याल रखते हुए प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतया बंद कर देना चाहिए। आज छोटे छोटे शहरों में सरकार की सख्त सजा का कोई ठोस असर बाजारों में कहीं भी दिखाई नहीं पड़ रहा है और प्लास्टिक का उपयोग बदस्तूर जारी है। प्रतिबंध के बावजूद भी छोटे - मोटे दुकानदार प्लास्टिक की थैलियां , गिलास , चम्मच , काजिया , तश्तरियां आदि हमेशा की तरह बेच रहे हैं। सब्जियां, फल व घरेलू जरूरत की लगभग लगभग सभी वस्तुओं के लिए प्लास्टिक का प्रयोग, उपयोग किया जा रहा है। सच तो यह है कि सब चीजें खुले आम खरीदी जा रही हैं। आखिरकार इसका मूल कारण क्या है ? मेरी नजर में इसका मूल कारण यही है कि लोगों को अभी तक पता ही नहीं है कि सरकार द्वारा प्लास्टिक पर प्रतिबंध की घोषणा हो चुकी है। वास्तव में लोगों को यह जानकारी होनी चाहिए कि देश में अब एक बार इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक के सामान पर प्रतिबंध लग गया है । पर्यावरण को स्वच्छ बनाने, उसे संरक्षित किए जाने, मानव स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिहाज से यह अत्यंत ही महत्त्वपूर्ण और जरूरी कदम है, लेकिन इसे लेकर सरकार को कामयाबी तभी हासिल हो पाएगी जब इस पर सख्ती से अमल हो । यूं तो इस तरह के प्लास्टिक के सामान पर प्रतिबंध लगाने की कवायद तो काफी समय से चल रही है, लेकिन ये हो अब पाया है । हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उसी साल दो अक्तूबर से इस प्लास्टिक पर पाबंदी लगाने का ऐलान किया था । हाल ही में जिन 19 चीजों पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है उनमें प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, थर्माकोल, प्लास्टिक की प्लेट, कप, गिलास , फोर्क (कांटेदार चम्मच), चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे, मिठाई के डिब्बों को रैप या पैक करने वाली फिल्म, इन्विटेशन कार्ड, सिगरेट के पैकेट, 100 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक या पीवीसी बैनर तथा स्टिरर शामिल हैं। अब आप कह सकते हैं कि इन चीजों पर आखिरकार सरकार द्वारा प्रतिबंध आखिरकार क्यों लगाया गया है तो जानकारी देना चाहूंगा कि यह हमारे पर्यावरण के लिए बहुत ही गंभीर खतरा बन रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का एक सर्वे बताता है कि देश में हर दिन 26 हजार टन प्लास्टिक कचरा निकलता है, जिसमें से सिर्फ 60% को ही इकट्ठा किया जाता है। बाकी कचरा नदी-नालों में मिल जाता है या पड़ा रहता है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, भारत में हर साल 2.4 लाख टन सिंगल यूज प्लास्टिक पैदा होता है. इस हिसाब से हर व्यक्ति हर साल 18 ग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा पैदा करता है। वर्ष 2017 में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ऋक्कउक) की रिपोर्ट आई थी। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि एक भारतीय हर साल 11 किलो प्लास्टिक का इस्तेमाल करता है. 2017 में ही आई नेचर कम्युनिकेशन की एक रिपोर्ट बताती है कि महासागरों तक गंगा नदी में बहकर बड़े पैमाने पर कचरा पहुंचता है। समंदरों तक सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा फैलाने में गंगा नदी दूसरे नंबर पर है। जानकारी मिलती है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है।ऐसे प्लास्टिक न तो डिकंपोज होते हैं और न ही इन्हें जलाया जा सकता है। इनके टुकड़े पर्यावरण में जहरीले रसायन छोड़ते हैं, जो इंसानों और जानवरों के लिए खतरनाक होते हैं। इसके अलावा, सिंगल यूज प्लास्टिक का कचरा बारिश के पानी को जमीन के नीचे जाने से रोकता है, जिससे ग्राउंड वॉटर लेवल में कमी आती है।संयुक्त राष्ट्र के ये आंकड़े हैरान करने वाले हैं कि दुनियाभर में हर एक मिनट में 10 लाख प्लास्टिक बोतल खरीदी जाती है। जबकि, 5 लाख करोड़ प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल हर साल होता है। प्लास्टिक से बने आधे से ज्यादा प्रोडक्ट सिंगल यूज के लिए बने होते हैं। इस कारण धरती पर प्लास्टिक कचरा इकट्ठा होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि हर साल 40 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। संयुक्त राष्ट्र के ही मुताबिक, अब तक समंदरों में करीब 20 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा जा चुका है। वर्ष 2016 तक हर साल 1.4 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा समंदरों में जाता था और 2040 तक हर साल 3.7 करोड़ टन तक कचरा समंदर में जाने का अनुमान है। एक्सपर्ट का अनुमान है कि जिस तेजी से समंदरों में प्लास्टिक कचरा फैल रहा है, अगर यही रफ्तार रही तो 2050 तक समंदरों में मछलियों से ज्यादा प्लास्टिक होगा। एक लेखक लिखते हैं कि " सारे नेता लोग अपने राजनीतिक विज्ञापनों पर करोड़ों रुपया रोज खर्च करते हैं । सारे अखबार और टीवी चैनल हमारे इन जन सेवकों को महानायक बनाकर पेश करने में संकोच नहीं करते , लेकिन प्लास्टिक जैसी जानलेवा चीज पर प्रतिबंध का प्रचार उन्हें महत्वपूर्ण ही नहीं लगता।" वास्तव में, प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए हम सभी के साथ हमारे राजनीतिक दलों और समाजसेवी संगठनों को आज आगे आने की जरूरत है। प्रतिबंधित प्लास्टिक का निर्माण करने वाली कंपनियों,कारखानों को बंद किया जाना चाहिए। हमें लोगों को यह बताने, समझाने की जरूरत है कि प्लास्टिक के बिना भी जीवन को बेहतरीन तरीके से जिया जा सकता है। ऐसा नहीं है कि लोग प्लास्टिक के बिना नहीं रह सकते हैं । अब से छह सात दशक पहले तक प्लास्टिक की जगह कागज , पत्ते , कपड़े , जूट,पटसन लकड़ी और मिट्टी के बने सामान सभी लोग इस्तेमाल करते थे।पत्तों और कागजी चीजों के अलावा सभी चीजों का इस्तेमाल बार - बार और लंबे समय तक किया जा सकता है । ये चीजें सस्ती सुलभ और टिकाऊ होती हैं और स्वास्थ्य पर इनका प्रतिकूल असर भी नहीं पड़ता है। लेकिन आज हम भारतीय पाश्चात्य संस्कृति के रंग में रंगकर हमारे पर्यावरण, हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह ठीक है कि प्लास्टिक से मानव को सहूलियत हुई है लेकिन पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए खतरा भी तो लगातार बढ़ा है। लेकिन अब सरकार सख्त है। सरकार ने अब जिस संकल्प और सख्ती के साथ एकल उपयोग प्लास्टिक से बने सामान पर पाबंदी के लिए कमर कसी है , उससे इस मुद्दे को लेकर उसकी गंभीरता का पता चलता है।

इस पर कड़ाई से अमल करवाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। राज्य सरकारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं और इसमें सहयोग नहीं करने वालों के खिलाफ दंड का भी प्रावधान किया गया है।



**इसमें कोई संदेह नहीं कि पर्यावरण और प्राणियों के लिए प्लास्टिक एक गंभीर संकट बन चुका है। इसने मानव जीवन में जितनी जगह बना ली है, उसे देखते हुए अब इससे पिंड छुड़ा पाना आसान नहीं है। हमें भी सरकार के साथ प्लास्टिक से पिंड छुड़ाने के लिए पहल करनी होगी। सरकार ने तो पाबंदी लगा दी है और पाबंदी का मतलब साफ है कि अब न तो ये सब सामान बनेंगे , न इनका भंडार जमा होगा , न ही इनका आयात होगा और ये बाजार में बेचे भी नहीं जा सकेंगे। प्रशासन को, सरकार को यह सब सुनिश्चित करना होगा**

# क्या जोड़ता है नीरज चोपड़ा-ऋषभ पंत को

**आर.के. सिन्हा**

**ओलंपिक** चैंपियन नीरज चोपड़ा और चमत्कारी क्रिकेटर ऋषभ पंत उस भारत की नुमाइंदगी करते हैं, जो विश्वास से लबरेज है। वह अपने हिस्से के आसमान को छू लेना चाहते हैं । ये दोनों उस नए भारत से संबंध रखते हैं जो अपनी विरोधी टीम के खिलाड़ियों की आंख में आंख डालकर खेलना जानते हैं। ऋषभ तो बचपन से मेरे द्वारा स्थापित द इंडियन पब्लिक स्कूल, देहरादून से ही 100 प्रतिशत स्कालरशिप पर पढ़ा है और उसने टेस्ट क्रिकेटर बनने का सपना मेरे यहां रहकर ही देखा है, अतः मैं जानता हूं कि आसमान छू लेने वाले खिलाड़ियों का जज्बा कैसा होता है। पिछले साल टोक्यो ओलंपिक खेलों की जेवलिन थ्रो स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा को पूरा यकीन है कि वो इस साल के अंत तक जेवलिन थ्रो में 90 मीटर की दूरी तय कर लेंगे। उनकी प्रैक्टिस में सुधार लगातार जारी है । उधर, रुड़की में पैदा हुए और देहरादून के इंडियन पब्लिक स्कूल में पढ़े ऋषभ पंत ने चालू भारत-इंग्लैंड सीरीज के पहले ही दिन अपने टेस्ट करियर का 5वां शतक जड़ा। उन्होंने मेजबान टीम के गेंदबाजों की कसकर कुटाई की। वे हर बार की तरह से बेखौफ तरीके से बल्लेबाजी करते रहे। यही उनका स्टाइल बचपन से रहा है। कई क्रिकेट के ज्ञानी समीक्षक उन्हें समझाते हैं कि वे किस तरह से खेलें। पर पंत का अपना अलग स्टाइल है। वे दिल से खेलते हैं, दिमाग से नहीं । वे बड़े से बड़े गेंदबाज की सबसे बेहतर गेंद पर भी छक्का मारने की क्षमता रखते हैं। ये उनका आत्म विश्वास है जो उन्होंने अपने देहरादून स्कूल के ध्यानचंद ग्राउंड पर देसी गायों का दूध पीकर विकसित किया है । दरअसल नीरज चोपड़ा और पंत का संबंध छोटे शहरों से है। नीरज चोपड़ा हरियाणा के रोहतक के एक सामान्य से गांव से आते हैं। उस गांव में खेल का मैदान तक नहीं है। उन्हें आगे बढ़ने के मौके तब मिले जब वे अपने गांव से बाहर निकले। उन्हें सरकार और निजी क्षेत्र ने हर संभव मदद दी। उधर, पंत रुड़की से अंडर-13 एस.पी. सिन्हा टूनार्मेंट में भाग लेने मेरे देहरादून कैंपस आया और उसे स्कूल ने 100 प्रतिशत स्कालरशिप देकर यहीं रख लिया । यहां से दसवीं का बोर्ड पासकर उसने क्रिकेट की बारीकियों को संवारने के लिए दिल्ली का रुख किया। वे दिल्ली में खेलने के लिए मंदिरों- गुरुद्वारों में रात गुजारने लगे। देखिए कि अगर धीरे-धीरे भारत खेल के मैदान में अपनी जगह बना रहा है तो उसका कुछ श्रेय तो निजी क्षेत्र को भी देना होगा। नीरज चोपड़ा और पंत यह सिद्ध करते हैं कि प्रतिभा बड़े शहरों की गुलाम नहीं है। छोटे शहरों-कस्बों के नौजवानों में भी आगे बढ़ने की अदम्य इच्छा शक्ति होती है। उन्हें अगर अवसर मिले तो वे दुनिया को अपनी मुट्ठी में कर सकते हैं। नीरज चोपड़ा के जेवलिन थ्रो को 90 मीटर की दूरी तक फेंकने संबंधी दावे को सही परिप्रेक्ष्य में देखने की जरूरत है। जेवलिन थ्रो में 90 मीटर एक अहम मानक माना जाता है और लगातार इस दूरी तक जेवलिन फेंकने वाले खिलाड़ियों की संख्या काफी कम है। कहते ही हैं कि अगर आप कोई सपना देखोगे तो उसे पूरा भी कर लोगे । हां, उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपको कड़ी मेहनत तो करनी ही होगी। नीरज चोपड़ा सपने देखने के बाद उन्हें साकार करने में जुट जाते हैं। पंत मूल रूप से बिग मैच प्लेयर बनकर उभरे हैं। बोल्ट, डिएगो माराडोना, पेले, लारा, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर बिग मैच प्लेयर रहे हैं। ये उन मैचों में छा जाते हैं जो मैच अपने आप में खास होते हैं। इस तरह के मैच किसी चैंपियनशिप का फाइनल भी हो सकते हैं।

पंत बार-बार सिद्ध करते हैं कि वे बिग मैच प्लेयर हैं। माराडोना तो पक्के बिग मैच प्लेयर थे। वे बड़े और अहम मैचों में छा जाते थे। तब उनका जलवा देखते ही बनता था। बड़े खिलाड़ी का यही सबसे बड़ा गुण होता है कि वे खास मैचों या विपरीत हालातों में भी पूरे मैच में छा जाता है। माराडोना छोटी-कमजोर टीमों के खिलाफ अपने जौहर नहीं दिखा पाते थे। अगर बात फिर से नीरज चोपड़ा की करें तो उनकी सारी बॉडी लैंग्यूज को देखकर ही समझ आ जाता है कि वे भीड़ का हिस्सा नहीं हैं। जरा याद करें जब उन्होंने टोक्यो में अपनी स्पर्धा के फाइनल में जेवलिन हाथ में लिया तब उनके चेहरे के भावों को पढ़ा जा सकता था। साफ लग रहा था कि वे देश की झोली में कोई मेडल तो अवश्य डालेंगे, पर उन्होंने तो देश को सोना देकर आनंदित कर दिया था। खेलों की जननी मानी जाती है एथलेटिक्स। उसमें भारत के हिस्से में ओलंपिक खेलों में कभी कोई शानदार सफलता नहीं आई थी। हम मिल्खा सिंह, पीटी ऊषा, जीएस रंधावा तथा श्रीराम सिंह के ओलंपिक खेलों में ठीक-ठाक प्रदर्शन को याद करके खुश हो जाते थे। पर भारत को अभी नीरज चोपड़ा और पंत जैसे सैकड़ों विश्वास से लबरेज खिलाड़ियों की दरकार है। अभी तो बस शुरूआत है। ये सिलसिला जारी रहना चाहिए। किसी भी देश का विकास इस बात से साबित होता है कि वहां खेलों की दुनिया में किस तरह की उपलब्धियां अर्जित की जा रही हैं। कहीं नीरज चोपड़ा और ऋषभ पंत की उपलब्धियों के आगे नेपथ्य में न चली जाएं। भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम ने हाल ही इतिहास रचा है। आप जानते हैं कि भारत ने थामस कप के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 के अंतर से हराकर ये उपलब्धि हासिल की। लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी ने भारत को थामस कप जितवाया। इसे बैडमिंटन की विश्व चैंपियनशिप माना जाता है। थामस कप में विजय से पहले भारत के बैडमिंटन सेंसेशन लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए थे। और अंत में बात भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन की। उन्होंने कुछ समय पहले इस्तांबुल में महिला विश्व चैंपियनशिप के फ्लाइवेट (52 किलोग्राम) वर्ग के एकतरफा फाइनल में थाईलैंड की जिटपोंग जुटामस को 5-0 से हराकर विश्व चैंपियन बनीं। तेलंगाना की मुक्केबाज जरीन ने पूरे टूनार्मेंट के दौरान प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाए रखा और फाइनल में थाईलैंड की खिलाड़ी को सर्वसम्मत फैसले से हराया। जरीन इस जीत के साथ 2019 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता जरीन विश्व चैंपियन बनने वाली सिर्फ पांचवीं भारतीय महिला मुक्केबाज बनीं। छह बार की चैंपियन एमसी मैरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006) और लेखा केसी इससे पहले विश्व खिताब जीत चुकी हैं। तो बात यह है कि भारतीय खिलाड़ी एकल और टीम खेलों में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। उनको जीत का स्वाद रास आने लगा है।

# जी-7 और समानता पर आधारित दुनिया

**नीरज शर्मा**

**'समानता** आधारित दुनिया की ओर बढ़ो', ये जी-7 का नीति वाक्य है और पिछले दिनों जर्मनी में जी-7 देशों की बैठक इसी नीति वाक्य के इर्द-गिर्द चचाओं के साथ संपन्न हुई। इस बैठक का क्या नतीजा निकला, इस के बारे में सोचने का कोई अर्थ नहीं है, क्योंकि पिछली बैठकों से भी दुनिया के साधारण लोगों को कुछ हासिल नहीं हुआ है। जो हासिल होता है, वो पूंजीपति, साम्राज्यवादी मानसिकता के पोषक लोगों की झोली में जाता है। जर्मनी के बेवेरिया राज्य में एलमाऊ नाम के बेहद सुंदर और भीड़-भाड़ से दूर शांत इलाके में लगभग 18 हजार करोड़ यूरो के खर्च पर दो दिन के लिए दुनिया के कुछ शक्तिशाली नेता जुटे और कुछ अपने से कमजोर देशों के नेताओं को भी बैठक में खास तौर पर आमंत्रित किया। बैठक में जलवायु परिवर्तन, भुखमरी और गरीबी को लेकर बात हुई है। इस तरह की बातें हर बैठक में होती हैं, क्योंकि दुनिया में पूंजीवाद के कारण ये तमाम समस्याएं गहरी जड़ें जमा चुकी हैं और इन्हें सबसे अधिक गरीब आदमी भुगतता है। जी-7 जैसे मंचों की खासियत ये है कि ये पूरे तामझाम के साथ दुनिया की बड़ी समस्याओं पर इस तरह बात का माहौल बनाते हैं, मानो इनका हल निकाल कर ही दम लेंगे। लेकिन समस्याएं भी जारी रहती हैं और इस तरह के मंचों पर होने वाली बैठकें भी। यह संयोग ही है कि जिस वक्त जी-7 के मंच से भावी दुनिया के लिए बड़ी घोषणाएं हो रही थीं, उसी समय अमेरिका और मेक्सिको की सीमा पर टेक्सास प्रांत के सेंट एंटोनियो इलाके में एक लावारिस ट्रक में 46 लाशें मिलीं और जो लोग जिंदा बचे हुए थे, वो भीषण गर्मी के कारण बेहद बीमार अवस्था में मिले। इस घटना से मानव तस्करी एक भयंकर त्रासदी के रूप में सामने देखने मिली है। गौरतलब है कि होंडुरास, ग्वाटेमाला और एल सल्वाडोर जैसे सेंट्रल अमेरिकी देशों से हर साल गरीबी और हिंसा से बचने के प्रयास में लाखों लोग अवैध तरीके से सीमा पार कर अमेरिका आने की कोशिश करते हैं, ताकि बेहतर जिंदगी मिल सके। इनमें से अधिकतर लोग मानव तस्करों को अमेरिकी सीमा पार करने के लिए मोटी रकम देते हैं। अवैध तरीके से लाने के लिए मानव तस्कर जिंदा इंसानों को जानवरों की तरह ट्रकों या कंटेनरों में ठूंस कर लाते हैं, जहां उनके खाने-पीने की व्यवस्था तो दूर, सांस लेने के लिए मुश्किल होती है। इंसानों के इस व्यापार में सामने चेहरा तस्करों का होता है, लेकिन इसके पीछे पुलिस, प्रशासन और सरकार से जुड़े लोगों की सरपरस्ती होती है और इस व्यापार के मुनाफे में उनकी भी हिस्सेदारी होती है। जब इस व्यापार में किसी किस्म का घाटा होता है, यानी अगर इंसानों की जान जाती है, तो उसका जिम्मेदार कोई नहीं होता। पहले भी कई बार अवैध तस्करी के दौरान मौतें हुई हैं, लेकिन अमेरिका के इतिहास में शायद इतने अधिक लोगों की मौत वाली यह पहली घटना है। वैसे अमेरिकी पुलिस अवैध रूप से लाए जा रहे लोगों पर निगाह भी रखती है। पिछले महीने में ही करीब 2 लाख लोग बिना किसी कागजात के अमेरिका में दाखिल होते वक्त हिरासत में लिए गए हैं। न, घर और परिजनों को छोड़कर इस तरह जान के खतरे उठाकर कोई इंसान दूसरे देश जाता है, तो उसका मतलब यही है कि उसके अपने देश में उसे जीवन की आस दिखाई नहीं दे रही है। अमेरिका और मेक्सिको की सीमा पर जो त्रासदी घटी है, वह कभी सीरिया या लीबिया से यूरोप आने के प्रयास में लगे लोगों के साथ घटती है और अब ऐसी ही त्रासदी यूक्रेन के लोगों के साथ भी हो रही है। पिछले चार महीनों से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा हुआ है। जिसमें शुरू में रूस के खिलाफ अमेरिका और उसके समर्थक देशों ने खूब हुंकार भरी। रूस को घुटनों पर लाने का दावा किया गया। रूस के खिलाफ कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए। मगर अब तक रुस पीछे हटता नहीं दिख रहा, न ही उसके हमलों में कोई कमी आ रही है। इन चार महीनों में विश्व के बड़े नेता कई बार आमने-सामने एक-दूसरे से मिले और इस युद्ध की निंदा करते हुए इसके खिलाफ प्रस्ताव पारित किए गए।

# व्हाट्सएप बिन कैसे रहूं !

**रामविलास जांगिड़**

**सभी** सरकारी ऑफिसर अपना ऑफिस इसी व्हाट्सएप पर सजाते हैं। तरह-तरह के सरकारी ग्रुप व्हाट्सएप पर सरकार का झुनझुना बजाते हैं। ग्रुप के भीतर ग्रुप! ग्रुप के बाहर ग्रुप! ग्रुप के अंदर ग्रुप! ग्रुप ही ग्रुप! सरकारी आज्ञा, आदेश, नियम, निर्देश, योजना, क्रियान्विति, मॉनिटरिंग, मूल्यांकन आदि का पचड़ा व्हाट्सएप ग्रुप का सच्चा अखाड़ा है। मैसेज, ऑडियो, वीडियो, फोटो सब कुछ! कट-पेस्ट फॉरवर्ड! कटिंग पेस्टिंग फॉरवर्डिंग!! सरकारी खेल चालू है! टीचर व्हाट्सएप ग्रुप पर पढ़ा रहा है और विद्यार्थी ग्रुप में कहीं ओर पार्टी मना रहा है। अफसर व्हाट्सएप पर कुरकुरी रिश्वत खा रहा है और नेता व्हाट्सएप से कुर्सी पर नजरें जमा रहा है। सभी सरकारी कार्यालय व्हाट्सएप पर जारी है और प्रेमी-प्रेमिका को व्हाट्सएप की बीमारी है। व्हाट्सएप के मालिक फेसबुक को प्रणाम करता हूं। पीर-पंडित गण गला फाड़ रहे हैं- कराग्रे वसति व्हाट्सएपा, कर मध्ये फेसबुकाया। कर मूले ट्विटरो, हस्त बंधने मोबाइलाया। तेल की कीमतें कितनी ही ऊपर आसमान चढ़ा दो पर व्हाट्सएप मत छीनना! कोरोना में कितनी ही लाशों को श्मशान पहुंचा दो मगर व्हाट्सएप मत छीनना! शेर और बकरी एक ही तालाब पर पानी पीते हैं; तालाब का नाम है व्हाट्सएप! नेता और डाकू अपना सम्मेलन एक साथ करते हैं, जगह का नाम है व्हाट्सएप! चोर और साहूकार एक जगह मंडी लगाए बैठे हैं, मंडी सजी है व्हाट्सएप! अगर कोई सरकार व्हाट्सएप बंद कर दे तो सरकार उसी क्षण गिर जाएगी। अगर कोई प्रेमी व्हाट्सएप बंद कर दे तो प्रेमिका उसी क्षण मर जाएगी। हलवाई व्हाट्सएप न खोले तो उसके पकोड़े हवा हो जाएंगे। व्हाट्सएप टचिंग से हॉस्पिटल के सारे पत्थर दवा हो जाएंगे। काकी व्हाट्सएप पर चूड़ियां खनका रही है और भैंस लिपस्टिक की नई शेड व्हाट्सएप पर चिपका रही है। सारे देवता व्हाट्सएप पर फूलों की बरसात कर रहे हैं और सारे पीर-पैगंबर व्हाट्सएप पर प्रेम गीत गा रहे हैं।

## आयरलैंड दौरे से पहले न्यूजीलैंड को लगा झटका, यह धमाकेदार खिलाड़ी हुआ कोरोना पॉजिटिव

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर आयरलैंड दौरे से पहले कोरोना संक्रमित हो गए हैं। न्यूजीलैंड (एनजेडसी) क्रिकेट ने इसकी जानकारी दी। एनजेडसी ने यहां जारी एक बयान में कहा, मिचेल सैंटनर कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद रविवार को




आयरलैंड के लिए रवाना हो रही टीम का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। कीवी टीम आयरलैंड के साथ तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलने के लिये रवाना होगी, जहां सैंटनर टी20 श्रंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। बयान में कहा गया, सैंटनर कोरोना से उबर कर इस हफ्ते के अंत तक (आयरलैंड के लिए) रवाना होंगे। आयरलैंड दौरे पर न्यूजीलैंड के कोच शेन जोर्गेनसन ने बताया कि सैंटनर में कोरोना के लक्षण देखे गये थे, और उनकी उपलब्धता पर तब विचार किया जाएगा जब वह डबलिन पहुंच जाएंगे।

उन्होंने कहा, कोविड हमारे लिए एक चुनौती रहा है, और आगे भी रहेगा। हम इसके अनुसार तैयारी करते रहेंगे। जोर्गेसन ने कहा, वह (सैंटनर) अभी बेहतर महसूस कर रहे हैं और हमारी प्राथमिकता यही है कि हफ्ते के अंत तक उन्हें अपने साथ स्क्वाड में शामिल करें और देखें कि क्या वह खेलने के लिए तैयार हैं। हमें तीन दौरों पर 11 मैच खेलने हैं और अगस्त में वेस्ट इंडीज का दौरा भी करना है। मिच उस दौरे में भी शामिल रहेंगे तो हम उनके साथ जल्दबाजी करने की कोशिश नहीं कर रहे।

## थॉमस कप में ऐतिहासिक सफलता के बाद गोपीचंद को राष्ट्रमंडल खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद

**कोलकाता ।** बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद को उम्मीद है कि थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीतने और युगल स्पर्धा में अपने रिकॉर्ड को बेहतर बनाने में सक्षम होगी। राष्ट्रमंडल खेलों के 2018 सत्र में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित एक अभूतपूर्व छह पदक जीते थे।



किदांबी श्रीकांत और चिराग शेट्टी एवं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी गोल्ड कोस्ट में दूसरे स्थान पर रही थी। गोपीचंद को लगता है कि मई में थॉमस कप में भारत की शानदार जीत के बाद वे इस बार स्वर्ण जीत सकते हैं। इस 48 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा- एक टीम के तौर पर वैश्विक प्रतियोगिता में यह प्रदर्शन काफी मायने रखता है। हमने इससे पहले खासकर पुरुष वर्ग में इस तरह का प्रदर्शन नहीं किया है। उन्होंने कहा- यह बहुत बड़ी बात है, सामान्य तौर पर टीम ने थॉमस कप में जिस तरह का प्रदर्शन किया है उससे खिलाड़ी उत्साहित और बहुत आशान्वित है। मुझे उम्मीद है कि हम पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। पिछली बार हमने दो स्वर्ण पदक जीते, क्या हम उससे बेहतर कर सकते हैं? लेकिन थॉमस कप को देखते हुए, मुझे यकीन है कि हमारे पास पुरुष एकल और युगल में अपने रिकॉर्ड को बेहतर बनाने का मौका होगा। प्रकाश पादुकोण (1978) और सैयद मोदी (1982) और पारुपल्ली कश्यप (2010) राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पुरुष एकल खिलाड़ी है, जबकि चिराग एवं सात्विक ने 2018 में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा था। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को शुक्रवार को मलेशिया ओपन में चीनी ताइपे की ताई जू यिंग से लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच 16 मैचों में सिंधू की यह 11वीं हार थी। गोपीचंद ने कहा कि सिंधू के कोच पार्क ताए संग के साथ बात कर के समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा- हम निश्चित रूप से इस पर काम करेंगे।

# बुमराह ने तोड़ा ब्रायन लारा का रिकार्ड, दिग्गज खिलाड़ी ने ऐसे दी बधाई

**एजबेस्टन।** वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा ने भारत के टेस्ट कप्तान जसप्रीत बुमराह को टेस्ट मैच में एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का उनका रिकॉर्ड तोड़ने के तेज गेंदबाज को बधाई दी। इंग्लैंड और भारत के बीच निर्धारित पांचवां टेस्ट एजबेस्टन में खेला जा रहा है। बुमराह ने शनिवार को कप्तान के रूप में अपने पदार्पण टेस्ट में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 35 रन बनाए। ये एजबेस्टन में टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक ओवर में सबसे अधिक था। स्टुअर्ट ब्रॉड और इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा जिसमें 28 रन पर बने थे। ये रिकार्ड ब्रायन लारा, जॉर्ज बेली और केशव महाराज के हाथों में था। बुमराह 16 गेंदों में 31 रन बनाकर नाबाद रहे और मोहम्मद सिराज (2) के साथ आखिरी विकेट के लिए 41 रन जोड़े। भारत ने 84.5 ओवरों में 416 रनों पर अपनी पहली पारी समाप्त की जिसमें ऋषभ पंत और रवींद्र



जडेजा ने क्रमशः 146 और 104 के साथ शीर्ष स्कोर किया।

लारा ने ट्वीट किया, युवा जसप्रीत बुमराह को टेस्ट में एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ने पर बधाई। अच्छा हुआ। लारा का ट्वीट जल्द ही वायरल हो गया और प्रशंसकों ने बुमराह की प्रशंसा करने वाले महान बल्लेबाज की सराहना की। एक प्रशंसक ने लिखा, बैटिंग लीजेंड बल्लेबाजी के लिए एक बॉलिंग लीजेंड की सराहना कर रहा है ... क्या पल है। एक अन्य प्रशंसक ने ट्वीट किया कि भारत का यह तेज गेंदबाज टेस्ट क्रिकेट में 400 रन के सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ देगा।

**टेस्ट क्रिकेट के एक ओवर में सबसे ज्यादा रन**

35 जसप्रीत बुमराह ने स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ, बर्मिंघम 2022

28 ब्रायन लारा ने आर पीटरसन के खिलाफ, जोहान्सबर्ग 2003

28 जॉर्ज बेली ने जेम्स एंडरसन के खिलाफ, पर्थ 2013

28 केशव महाराज ने जे रूट के खिलाफ, पोर्ट एलिजाबेथ 2020

लारा ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया था जब उन्होंने 12 अप्रैल 2004 को टेस्ट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड बनाने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 400 रन बनाए थे। एक अन्य प्रशंसक ने ट्वीट किया, वह (बुमराह) आपका 400 का रिकॉर्ड भी तोड़ने जा रहे हैं।

## वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच पहला टी20 मैच बारिश की भेंट चढ़ा

**रोसीयू (डोमिनिका)।** बारिश के कारण वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच पहला ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच रद्द हो गया। गीली आउटफील्ड के कारण मैच शुरू होने में 100 मिनट की देरी हुई जिसके बाद मैच 16-16 ओवर का कर दिया गया। आठवें ओवर में मैच फिर



रूका जिससे मैच 14-14 ओवर का हो गया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने केवल 13 ओवर ही खेले थे कि बारिश ने फिर खेल रोक दिया। इसके बाद मैच अधिकारियों ने मैच रद्द करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 105 रन बना लिये थे जिसमें शाकिब अल हसन 29 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। वेस्टइंडीज के प्रत्येक गेंदबाज ने विकेट झटके जिसमें रोमारियो शेपर्ड ने 21 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किये। विंडसर पार्क पर पुर्ननिर्माण के बाद यह पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच था। 2017 में चक्रवात के बाद स्टेडियम दोबारा बनाया गया है। रविवार को दूसरा मैच यहीं खेला जायेगा। तीसरा और अंतिम टी20 मैच गुरूवार को गुयाना में खेला जाएगा।

# भारत की वापसी ने हमें भरोसा दिया कि हम भी ऐसा ही कर सकते हैं : एंडरसन

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के अनुसार यहां चल रहे पांचवें टेस्ट में भारत की मजबूत वापसी से उनकी टीम को भी इसी तरह वापसी का भरोसा मिलेगा। एंडरसन ने साथ ही जोर दिया कि मेहमान टीम आक्रामक खेलना जारी रखेगी। दूसरे दिन के खत्म होने तक इंग्लैंड की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी और उसका स्कोर पांच विकेट पर 84 रन था। इससे वह भारतीय टीम से अब भी 332 रन से पिछड़ रही है। भारतीय टीम भी शुरूआती दिन कुछ इसी तरह की स्थिति में थी और उसका स्कोर पांच विकेट पर 98 रन था।

एंडरसन ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा, 'हम भी उनकी तरह की स्थिति में हैं जिससे हमें भरोसा है कि हम भी ऐसा ही कुछ कर सकते हैं।' भारत के लिए ऋषभ पंत (146) और रविंद्र जडेजा (104) ने शतक जड़कर और छठें विकेट के लिए 222रन की साझेदारी निभाकर पहली पारी में 416 रन बनाने में मदद की। एंडरसन ने कहा, 'हमें निचले क्रम में अपना काम करना है, हमें कुछ बड़ी भागीदारियां करनी होंगी और भारत पर दबाव बनाना होगा।' उन्होंने कहा, 'और हमारा सबसे बेहतर 'डिफेंस' आक्रमण करना होगा।'

पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कप्तान बेन स्टोक्स और जॉनी बेयरस्टो ने इंग्लैंड को इस तरह की मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला था।




एंडरसन ने कहा, 'पिछले कुछ हफ्तों में हम इसी तरह की मुश्किल परिस्थिति में थे और हमने जिस तरह से तब प्रतिद्वंद्वी टीम को दबाव में लाने की कोशिश की थी, उसी तरह यहां भी करेंगे।' उन्होंने कहा, 'हम स्कोर बनाना चाहते हैं और मैच को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हम यही करने की कोशिश करेंगे।'

एंडरसन ने 60 रन देकर पांच विकेट झटके थे। लेकिन उन्होंने माना कि पंत की शानदार पारी ने लय भारत के पक्ष में कर दी। उन्होंने कहा, 'मुझे वास्तव में लगा कि हमने कल सुबह और दोपहर में काफी अच्छी गेंदबाजी की थी। लेकिन पंत फिर शानदार पारी खेली।' एंडरसन ने कहा, 'वह काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी है, वह सभी तरह के शॉट खेलता है और वह इन्हें खेलने में जरा भी हिचकता नहीं है इसलिए उसे गेंदबाजी करना मुश्किल है।- फिर कप्तान जसप्रीत बुमराह ने स्टुअर्ट ब्राड पर 29 रन जोड़कर एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड बना दिया। ब्राड ने इस ओवर में अतिरिक्त सहित कुल 35 रन दिए। एंडरसन ने कहा, 'सामान्य दिन में इस तरह के शॉट में गेंद बल्ले से छूकर क्षेत्ररक्षक के हाथों में चली जाती है और अगर ऐसा होता तो कोई भी इस ओवर के बारे में बात नहीं करता। लेकिन यह ओवर जिस तरह से गया, मुझे लगता है कि यह काफी दुर्भाग्यशाली रहा।' उन्होंने कहा, 'कभी कभार शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को गेंदबाजी करना आसान हो सकता है। लेकिन पुछल्ले गेंदबाजों के खिलाफ लय हासिल करना थोड़ा पेचीदा हो जाता है।'

# उज्बेकिस्तान सुपर लीग क्लब से जुड़ी स्टार फारवर्ड डांगमेई

**लंदन।** स्टार फारवर्ड डांगमेई ग्रेस विदेशी क्लब से पेशेवर अनुबंध हासिल करने वाली तीसरी भारतीय फुटबॉलर बन गयीं। वह उज्बेकिस्तान सुपर लीग क्लब एफसी नासफ से जुड़ गयीं।

डांगमेई के पूर्व क्लब गोकुलम केरला ने ट्विटर पर पोस्ट किया- वह अगले सत्र से एफसी नासफ का प्रतिनिधित्व करेंगी। हम उन्हें शुभकामनायें देते हैं। आपको जल्द ही उज्बेकिस्तान में खेलते देखेंगे। उज्बेकिस्तान सुपर लीग जून में शुरू हुई और 15 दिसंबर तक चलेगी। नासफ एफसी ने मणिपुर युवा मामलों और खेल विभाग को लिखे पत्र में इसकी जानकारी दी। क्लब के महानिदेशक ए युसुपोव ने लिखा, ''वह अनुबंध के दौरान तीन टूर्नामेंट - महिलाओं की लीग, उज्बेकिस्तान कप (नॉकआउट टूर्नामेंट) और उज्बेकिस्तान सुपर कप में



खेलेंगी। उन्होंने लिखा- इस लीग से उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का काफी अनुभव हासिल होगा और इससे उन्हें अपने फुटबॉल कौशल के विकास में और अपने करियर में मदद मिलेगी।

मणिपुर की इस विंगर को 2019 में 'एआईएफएफ की एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर' चुना गया था। 26 साल की खिलाड़ी ने ओलंपिक क्वालीफायर दूसरे दौर के मैच में इंडोनेशिया के खिलाफ चमकदार प्रदर्शन किया था।

# विंबलडन : लोरेंजो सोनेगो पर जीत दर्ज कर चौथे दौर में पहुंचे राफेल नडाल

**विबंलडन।** स्पेन के 22 बार के मेजर चैम्पियन राफेल नडाल ने यहां विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। नडाल ने तीसरे दौर के मुकाबले में 27वें नंबर के लोरेंजो सोनेगो पर 6-1, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। अब चौथे दौर में उनका सामना 21वें नबंबर के बोटिक वान डि जांड्शुल्प से होगा। वहीं निक किर्गियोस और चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास के बीच तीसरे दौर के मुकाबला काफी 'शाब्दिक जंग' से भरा रहा। इसमें गैर वरीयता प्राप्त किर्गियोस ने 6-7, 6-4, 6-3, 7-6 से जीत दर्ज की और चौथे दौर में उनका सामना ब्रेंडन नाकाशिमा से होगा। किर्गियोस पर पहले दौर के बाद एक दर्शक की ओर थूकने के लिए जुर्माना भी लगाया गया था। वह 2016 के बाद पहली बार आल इंग्लैंड क्लब के



चौथे दौर में पहुंचे। पिछले साल फ्रेंच ओपन के उप-विजेता रहे सिटसिपास ने मैच के बाद किर्गियोस के बर्ताव की आलोचना भी की। सोमवार को अन्य मुकाबलों में 11वें नबंर के टेलर फ्रिट्ज क्वालीफायर जेसन कुबलर के सामने होंगे जबकि 19वें नंबर के एलेक्स डि मिनौर का सामना क्रिस्टियन गारिन से होगा।

# महिला हॉकी विश्व कप : भारत का पहला मुकाबला इंगलैंड से, बदला चुकाने का है मौका

**एम्सटेलवीन।** भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व कप के पूल बी के अपने पहले मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी। टोक्यो ओलिम्पिक में कांस्य पदक के मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 4-3 से हरा दिया था। फिलहाल भारतीय टीम के हौसले बुलंद है क्योंकि उन्होंने एफआईएच प्रो लीग में पहली बार तीसरा स्थान हासिल किया था। विश्व कप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में पहले ही सत्र में रहा जब टीम चौथे स्थान पर रही थी।

हालांकि टोक्यो में चौथे स्थान पर रहने के बाद से भारतीय महिला टीम के प्रदर्शन का ग्राफ ऊंचा ही जा रहा है। मई में भारतीय टीम एफआईएच रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंची जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसके अलावा प्रो लीग में बड़ी टीमों को




कड़ी चुनौती दी। भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से आगे रही। अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने कमान बखूबी संभाली है। चोट के कारण रानी रामपाल टोक्यो ओलिम्पिक के बाद से टीम से बाहर है। डिफेंस में उपकप्तान दीप ग्रेस इक्का, गुरजीत कौर, उदिता और निक्की प्रधान होंगे जबकि मिडफील्ड की जिम्मेदारी सुशीला चानू, नेहा गोयल, नवजोत कौर, सोनिका, ज्योति, निशा, मोनिका पर होगी। सलीमा टेटे भी बेहतरीन फॉर्म में हैं और प्लेमेकर की भूमिका निभाएंगी। आक्रमण का जिम्मा वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, नवनीत कौर और शर्मिला देवी पर होगा।

भारत की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन खिलाड़ियों की क्षमता से बखूबी वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि महिला हॉकी में इस समय कोई भी टीम किसी भी टीम को हरा सकती है। लेकिन सबसे जरूरी है प्रदर्शन में निरंतरता। इंग्लैंड की टीम ने 2010 में रोसारियो में हुए विश्व कप में कांस्य पदक जीता था और सिडनी में 1990 में चौथे स्थान पर रही थी। विश्व रैंकिंग में वह अभी चौथे स्थान पर है। भारत को 5 जुलाई को चीन से और 7 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलना है।

# एलोर्डा कप के फाइनल में पहुंची भारतीय मुक्केबाज कलाईवानी, कुलदीप सेमीफाइनल में

**कजाकिस्तान।** भारतीय मुक्केबाज कलाइवानी श्रीनिवासन ने कजाकिस्तान के नूर-सुल्तान में चल रहे एलोर्डा कप में प्रभावशाली जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की जबकि कुलदीप कुमार ने सेमीफाइनल का टिकट कटाया।कलाइवानी ने महिलाओं के 48 किग्रा सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की फरजोना फोजिलोवा के खिलाफ शानदार कौशल का प्रदर्शन किया। चेन्नई की मुक्केबाज ने जोरदार प्रहार और लगातार आक्रामक रूख अपनाकर प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया। वह सर्वसम्मत फैसले से विजेता बनीं। कुलदीप ने प्रतियोगिता के चौथे दिन भारत को विजयी शुरुआत दिलाई । इस जीत के लिए उन्हें हालांकि कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पुरुषों के 48 किग्रा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में




कुलदीप को स्थानीय मुक्केबाज कैरेट येरनूर से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। वह हालांकि अपने सटीक आक्रमण से 3-2 के फैसले से जीत दर्ज करने में सफल रहे। इस बीच, पुरुष वर्ग के एक अन्य मुक्केबाज यशपाल 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के असलानबेक शिमबर्गेनोव से 0-5 के अंतर से हार गए।

महिलाओं में बबीता बिष्ट (81 किग्रा), ज्योति (52 किग्रा) और नीमा (63 किग्रा) को सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। बबीता को चीन की झेंग लू के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, वहीं ज्योति और नीमा को क्रमशः उज्बेकिस्तान की फेरुजा कजाकोवा और कजाकिस्तान की अनार तुर्सिनबेक के खिलाफ एक समान 0-5 से शिकस्त मिली। सविता की चुनौती क्वार्टर फाइनल में भी समाप्त हो गई। उन्हें 50 किग्रा वर्ग में तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता जापान की नामिकी सुकिमी से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

# थॉमस कप में ऐतिहासिक सफलता के बाद गोपीचंद को राष्ट्रमंडल खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद

**कोलकाता।** बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद को उम्मीद है कि थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीतने और युगल स्पर्धा में अपने रिकॉर्ड को बेहतर बनाने में सक्षम होगी। राष्ट्रमंडल खेलों के 2018 सत्र में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित एक अभूतपूर्व छह पदक जीते थे। किदांबी श्रीकांत और चिराग शेट्टी एवं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी गोल्ड कोस्ट में दूसरे स्थान पर रही थी। गोपीचंद को लगता है कि मई में थॉमस कप में भारत की शानदार जीत के बाद वे इस बार स्वर्ण जीत सकते हैं।

इस 48 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा- एक टीम के तौर पर वैश्विक प्रतियोगिता में यह प्रदर्शन काफी मायने रखता है। हमने इससे पहले खासकर पुरुष वर्ग में इस तरह का प्रदर्शन नहीं किया है। उन्होंने कहा- यह बहुत बड़ी बात है, सामान्य तौर पर टीम ने थॉमस कप में जिस तरह का प्रदर्शन किया है उससे खिलाड़ी उत्साहित और बहुत आशान्वित है। मुझे उम्मीद है कि हम पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। पिछली बार हमने दो स्वर्ण पदक जीते, क्या हम उससे बेहतर कर सकते हैं? लेकिन थॉमस कप को देखते हुए, मुझे यकीन है कि हमारे पास पुरुष एकल और युगल में अपने रिकॉर्ड को बेहतर बनाने का मौका होगा। प्रकाश पादुकोण (1978) और सैयद मोदी (1982) और पारुपल्ली कश्यप (2010) राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पुरुष एकल खिलाड़ी है, जबकि चिराग एवं सात्विक ने 2018 में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा था। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को मलेशिया ओपन में चीनी ताइपे की ताई जू यिंग से लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच 16 मैचों में सिंधू की यह 11वीं हार थी। गोपीचंद ने कहा कि सिंधू के कोच पार्क ताए संग के साथ बात कर के समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा- हम निश्चित रूप से इस पर काम करेंगे, वह एक बहुत अच्छी खिलाड़ी है, और ताई जू भी उतनी ही अच्छी है। हम उसी के अनुसार योजना बनाएंगे ताकि वह निकट भविष्य में उसे हराने में सफल रहे।

उन्होंने कहा- हम कोच पार्क से बात करेंगे और पता लगाएंगे कि क्या समस्याएं हैं। वह वर्षों से एक मजबूत खिलाड़ी है, वह अनुभवी है। मुझे यकीन है कि वह कुछ हफ्तों में जोरदार वापसी करेगी। गोपीचंद की बेटी गायत्री बर्मिंघम में त्रिसा जॉली के साथ जोड़ी बनाकर महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण करेंगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह ' पिता' के रूप में 'नर्वस' हैं, गोपीचंद ने कहा- हर खिलाड़ी का विकास चक्र होता है, हर खिलाड़ी का 'लर्निंग कर्व' (सीखने का स्तर) होता है, कोई धीमी गति से सीखने वाला होता है और कोई जल्दी सीखता है।

## भारत ने अफगानिस्तान को 2500 मीट्रिक टन गेहूं की एक और खेप भेजी

**काबुल।** भारत ने संकटग्रस्त अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के रूप में अफगानिस्तान को 2500 मीट्रिक टन गेहूं की एक और खेप अटारी-वाघा सीमा के रास्ते भेजी है। इस संबंध में सीमा शुल्क के संयुक्त आयुक्त बलबीर मंगत ने कहा कि अब तक




अफगानिस्तान को कुल 36 हजार मीट्रिक टन गेहूं भेजा जा चुका है। भारत ने कुल 50,000 मीट्रिक टन गेहूं भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसमें से अब केवल 14,000 मीट्रिक टन गेहूं और भेजा जाना बाकी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत ने अफगानिस्तान को गेहूं की एक और खेप भेजी है। वहां के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ है। भारत विश्व खाद्य कार्यक्रम के अंतर्गत अफगानिस्तान को 50,000 मीट्रिक टन गेहूं की मानवीय सहायता करेगा। इसी केअंतर्गत यह सहायता भेजी जा रही है। गौरतलब है कि भारत ने घोषणा की थी कि वह पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान को 50,000 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं भेजेगा।

## आर्थिक व ईंधन संकट से घिरे अर्जेंटीना को बड़ा झटका, वित्त मंत्री ने अचानक दिया इस्तीफा

**अर्जेंटीना।** अर्जेंटीना के वित्त मंत्री ने अप्रत्याशित रूप से इस्तीफा दे दिया, जिससे राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज की सरकार को नये सिरे से झटका लगा क्योंकि देश आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा है। वित्त मंत्री मार्टिन गुजमैन ने आर्थिक उथल-पुथल के एक सप्ताह के बाद पद छोड़ दिया, जब अर्जेंटीना की मुद्रा तेज मुद्रास्फीति के बीच डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गई और ट्रक ड्राइवरों ने डीजल की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। तत्काल किसी उत्तराधिकारी की घोषणा नहीं की गई। गुजमैन ने फर्नांडीज को संबोधित सात पृष्ठ के पत्र में कहा, ''मैं आपको वित्त मंत्री के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं।



उन्होंने पत्र को ट्विटर पर साझा किया जिसमें प्रशासन के भीतर की आंतरिक लड़ाई को उजागर किया गया है। तनाव का जिक्र करते हुए गुजमैन ने अपने इस्तीफे की घोषणा की। वहीं, उपराष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज ने एक भाषण में सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना की। उप राष्ट्रपति स्वयं राष्ट्रपति रह चुकी हैं। यह इस्तीफा आर्थिक उथल-पुथल से भरे सप्ताह के अंत में आया है। अर्जेंटीना वर्षों से डॉलर की कमी से जूझ रहा है, जो आंशिक रूप से उच्च मुद्रास्फीति के बीच अर्जेंटीना की अपनी मुद्रा में अविश्वास से उपजा है।मुद्रास्फीति 60 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक दर से चल रही है और अर्थशास्त्रियों को आशंका है कि यह दर और बिगड़ती रहेगी। ट्रक ड्राइवरों के काम रोकने से आर्थिक गतिविधियां बाधित हो गई है, जिसमें अनाज की बंदरगाहों तक आपूर्ति भी शामिल है, जो अर्जेंटीना के मुख्य आयातों में से एक है। बुधवार को सरकार ने कहा कि वह अधिक जैव ईंधन को ईंधन में मिलाने की अनुमति देकर और डीजल पर आयात कर को निलंबित करके डीजल की उपलब्धता बढ़ाने की कोशिश कर रही है।

## अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने हाल में गर्भपात, बंदूक के मामलों में पारित किये आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने हाल में गर्भपात, बंदूक और धर्म के मामलों में फैसला सुनाया है। न्यायालय ने साथ ही सरकार की नियामक शक्तियों को सीमित करते हुए कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी पारित किये है। गर्भपात के संबंध में अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने हाल में एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया। उसने 50 साल पहले के 'रो बनाम वेड' मामले में दिए गए फैसले को पलटते हुए गर्भपात के लिए संवैधानिक संरक्षण को समाप्त कर दिया था। अदालत का फैसला अधिकतर अमेरिकियों की इस राय के विपरीत है कि 1973 के रो बनाम वेड फैसले को बरकरार रखा चाहिए जिसमें कहा गया था कि गर्भपात कराना या न कराना।

# त्रासदी के बीच कॉमेडी का सहारा :धमाकों और सायरन के बीच यूक्रेन में गूंज रहे ठहाके, कॉमेडी शो से दुश्मन की खिल्ली उड़ा रहे

**कीव।** यूक्रेन में बम के धमाकों और हमलों के सायरन के बीच भी ठहाके सुनाई दे रहे हैं। पश्चिमी यूक्रेन के शहर लवीव के कॉमेडी क्लब में लगभग रोज रात हो रहे कॉमेडी शो लोगों को तनाव से राहत दे रहे हैं। इसे कल्चरल डिफेंस शो का नाम दिया गया है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की एक कॉमेडियन हैं और रूस के हमले के दौरान उनके नेतृत्व की दुनिया में तारीफ हुई है। हमले के दो हफ्ते बाद ही कॉमेडी शो की शुरुआत हो गई थी। शो में अहम भूमिका निभाने वाले मैक्सिम क्रैवेट्स एक इंटेलीजेंस अफसर हैं। लेकिन रात में वे कॉमेडियन का किरदार निभाते हैं।

**युद्ध के सदमे से सहमे लोग हंसना चाहते हैं**

क्रैवेट्स का कहना है कि जब हमने शो शुरू किया तो हम असमंजस में थे कि क्या देश में कोई हंसी ठिठोली करने के मूड में होगा। लोग युद्ध के सदमे में थे और पूर्वी क्षेत्र से बड़ी संख्या में देशवासी भाग कर शहर में आ रहे थे। साथी कॉमेडियन ओलेक्जेंदर द्मित्रोविच (30 साल) बताते हैं कि जब हम पहला शो पेश करके आए तो हमारी समझ में आया कि लोग हंसना चाहते हैं।

वे हमारे दुश्मनों के बारे में चुटकुले सुनना चाहते हैं। उनका कहना है कि यह हास-परिहास एक तरह का विरोध भी है और वापस हालात सामान्य होने की प्रार्थना भी। यह हमें मजबूत भी कर रहा है। जब तक हम हंसते रहेंगे, हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। कॉमेडी शो का मकसद जो लोग युद्ध के मोर्चे पर नहीं हैं या जो मोर्चे से लौट कर या प्रभावित क्षेत्र से यहां आए हैं, उनके उत्साह को बनाकर रखना। कॉमेडी शो के लिए बेसमेंट का स्थान चुना गया जो कि बम हमलों से सुरक्षित था।

**3 इन वन हैं शो**

कॉमेडी शो के एक दर्शक पेट्रो डायवोलिक का कहना है कि कॉमेडी शो 3 इन वन हैं। इससे सेना की मदद होती है, लोगों को तनाव से मुक्ति मिलती है और यह मानसिक रोग विशेषज्ञ के पास जाने से सस्ता है। एक टिकट करीब 13 डॉलर (करीब एक हजार रुपए) तक होती है। जमा रकम युद्ध में जुटे सैनिकों की रसद या जरूरत के लिए भेजी जाती है।

50 शो में 70,000 डॉलर जमा हो चुके हैं। यू-ट्यूब पर लाइवस्ट्रीमिंग होती है और ऑनलाइन डोनेशन का विकल्प भी रहता है।

**कोई स्क्रिप्ट नहीं, राजनीतिक चुटकुलों से दुश्मन पर हमला**

कॉमेडी शो एकदम अनौपचारिक होते हैं। कोई वार्म अप वगैरह नहीं। किसी भी समय एक कलाकार नहीं होता।

हर रात कोई नया मेहमान होता है। रूस और उसके समर्थक देश बेलारूस को लेकर हर तरह के चुटकुले रहते हैं। कुछ-कुछ राजनीतिक तेवर वाले भी होते हैं। लेकिन कुछ भी स्क्रिप्ट से नहीं होता।

सब कुछ खुला। यूक्रेन की अपनी राजनीति भी इन चुटकुलों की मार से बची नहीं है जैसे कि यूक्रेन का यूरोपियन यूनियन में शामिल होने का मुद्दा।

## रूस-यूक्रेन जंग:यूक्रेनी सेना का पलटवार- मेलिटोपोल में रूसी मिलिट्री बेस पर एक के बाद एक दागीं 30 मिसाइलें

**कीव।** रूस-यूक्रेन जंग को 4 महीने से ज्यादा हो चुके हैं। हमले अब भी जारी हैं। इसी बीच मेलिटोपोल में यूक्रेनी सेना ने पलटवार करते हुए रूस के मिलिट्री बेस पर हमला किया है। यूक्रेनी सैनिकों ने यहां एक के बाद एक 30 मिसाइलें दागीं हैं।

इधर, रूस समर्थित अलगाववादियों ने यूक्रेन के पूर्वी शहर लिसीचांस्क को चारों तरफ से घेरने का दावा किया। यूक्रेनी सेना ने इन दावों को नकारते हुए कहा कि शहर की सीमा पर अलगाववादियों के साथ गोलीबारी जारी है। लुहांस्क क्षेत्र का लिसीचांस्क आखरी शहर है जो यूक्रेन के कब्जे में है।

**भारी बमबारी कर रहा है रूस**

रूस ने युक्रेन के उत्तरी और दक्षिणी शहरों में भी मिसाइलें दागी हैं। रूस की तरफ से किए गए




हवाई हमलों में उत्तरी शहर खार्किव में रेलवे ट्रैक और बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई है, लेकिन किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। दक्षिणी शहर मायकोलाइव पर रूसी सेना ने भारी बमबारी की है। शहर के मेयर ने लोगों से शेल्टर में रहने की अपील की है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उनकी वायु सेना ने यूक्रेन की पांच कमांड पोस्ट और गोला-बारूद के कई ढेर को तबाह कर दिया है। लेकिन मंत्रालय के इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

## तालिबान सरकार के पक्ष में उलेमा और कबायली सरदार, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से की मान्यता की मांग



**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में उलेमा और कबायली सरदारों की तीन दिवसीय बैठक संपन्न हो गई, जिसमें उन्होंने तालिबान सरकार का समर्थन करने का संकल्प लिया। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तालिबान नीत अफगानिस्तान सरकार को मान्यता देने का आग्रह किया। हालांकि, तीन दिवसीय बैठक के दौरान उपस्थित रहे अधिकतर लोग तालिबानी अधिकारी और उनके समर्थक थे, जिनमें उलेमा भी शामिल थे। बैठक में महिलाओं को शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई थी। बैठक में भाग लेने वाले एक उलेमा मुजीब-उल रहमान अंसारी के मुताबिक, बैठक संपन्न होने के बाद जारी 11-सूत्रीय बयान में दुनियाभर के देशों, संयुक्त राष्ट्र, इस्लामी संगठनों और अन्य से तालिबान नीत अफगानिस्तान सरकार को मान्यता देने, तालिबान के सत्ता पर उनके नियंत्रण हासिल करने के बाद से लागू प्रतिबंधों को हटाने और विदेशों में स्थित अफगानिस्तान की संपत्ति को प्रतिबंध से मुक्त करने का आग्रह किया गया। अंसारी ने बताया कि बैठक में 4,500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

## इमरान की बेगम का ऑडियो लीक:बुशरा ने मीडिया हेड से कहा था- हमारे खिलाफ बोलने वालों को देशद्रोही बना डालो

**लंदन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बेगम बुशरा बीबी का एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें बुशरा बीबी PTI के मीडिया प्रवक्ता डॉ अर्सलान खालिद से विरोधियों को देशद्रोही बनाने के लिए कह रही हैं।

क्लिप की शुरुआत, बुशरा की नाराजगी के साथ होती है। वह सोशल मीडिया पर एक्टिव न रहने के लिए खालिद पर अपना गुस्सा जाहिर करती हैं।

**विपक्ष के खिलाफ फैला दो देशद्रोह का नैरेटिव**

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, इमरान खान के प्रधानमंत्री रहते बुशरा बीबी ने खालिद से कहा था कि, 'PTI की सोशल मीडिया विंग को इन दिनों और ज्यादा एक्टिव रहना चाहिए। अलीम खान और तमाम लोग मेरे, इमरान खान और मेरी दोस्त फराह खान के बारे में बयानबाजी करते हैं। इन लोगों को देशद्रोह के साथ जोड़ दो।

**PTI छोड़कर जाने वाले भी देशद्रोही**

बुशरा ने कहा- अलीम खान और बाकी लोग अपने प्लान के मुताबिक बोलते रहेंगे। आपको उन्हें देशद्रोह के साथ जोड़ना चाहिए। सोशल मीडिया पर धमकी भरे खत का मुद्दा उठाना चाहिए और यह बताना चाहिए कि हम जानते हैं कि खत भरोसेमंद है। बुशरा ने PTI सोशल मीडिया हेड को ये नैरेटिव सेट करने का आदेश दिया कि PTI छोड़कर जाने वाले




खुद को बचाने के लिए देशद्रोहियों में शामिल हो गए।

**देश और इमरान खान के साथ गद्दारी हुई-** इतना ही नहीं पाकिस्तान की पूर्व प्रथम महिला बुशरा बीबी ने अर्सलान से रूस से तेल नहीं खरीदने के मुद्दे को उठाने के लिए कहा। उन्होंने कहा- रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग के बाद इमरान सरकार रूस से तेल नहीं खरीद रही है। इमरान के साथ गद्दारी हो रही है। इन दोनों मुद्दों को जोड़ दो। इस मुद्दे को दबने नहीं दे सकते हैं। उन्होंने एक ट्रेंड बनाने के लिए कहा जिससे लोगों को पता चल सके कि देश और इमरान खान के साथ गद्दारी की जा रही है।

## भूकंप से दहला म्यांमार, चीन में भी महसूस किए गए झटके

**म्यांमार।** म्यांमार में सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.0 नापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप यांगून से 260 किमी दूर दक्षिण पश्चिम इलाकों में सुबह 7 बजकर 56 मिनट पर आया। इसके अलावा, चीन के शिनजियांग प्रांत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे पहले ईरान और सीरिया मेंभूकंप आया था। चीन के शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र में



5.2 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, भूकंप ने उत्तर पश्चिमी चीन के अक्की काउंटी को सुबह 6:02 बजे (बीजिंग समय) हिला दिया। भूकंप का केंद्र 40.88 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 78.14 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पाया गया। नेशनल सेंटर फार सीस्मोलाजी के अनुसार, इससे पहले शिनजियांग क्षेत्र में शनिवार तड़के तीन बजकर 29 मिनट पर भूकंप आया था। इसकी रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 4.3 नापी गई।बता दें कि ईरान में 6.0 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरान में यह 7 दिनों में आया दूसरा भूकंप है। बीते ईरान में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया था। ईरान का सबसे घातक भूकंप 1990 में 7.4 तीव्रता का आया था, जिसमें 40,000 लोग मारे गए थे।

# म्यांमार में भूकंप से कांपी धरती, चीन में भी झटके

**यांगून।** म्यांमार में रविवार सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.0 रही। यह जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी है। भूकंप यांगून से 260 किलोमीटर दूर दक्षिण पश्चिम इलाकों में सुबह 7:56 बजे आया। चीन के शिनजियांग प्रांत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे पहले शुक्रवार को ईरान और सीरिया में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। चीन के शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र में भी 5.2 तीव्रता का भूकंप आया है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार भूकंप ने उत्तर पश्चिमी चीन के अक्की काउंटी को सुबह 6:02 बजे (बीजिंग समय) हिला दिया। भूकंप का केंद्र 40.88 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 78.14 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में बताया गया है।

## मेक्सिको में शख्स ने की मगरमच्छ से शादी:मगरमच्छ को पहनाई गई सफेद ड्रेस, रस्म पूरी होने के बाद दूल्हे ने किस भी किया





**ओक्साका।** आजकल अजीबो-गरीब शादियों का दौर चल रहा है। कोई कुत्ते से तो कोई खुद से शादी कर रहा है। ऐसी ही एक चौंकाने वाली शादी मेक्सिको से सामने आई है। मेक्सिको के ओक्साका शहर के एक छोटे गांव के मेयर ने मगरमच्छ से शादी की है। उन्होंने शादी के बाद दुल्हन यानी मगरमच्छ को किस भी किया। इस अजीबो-गरीब शादी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं।

**सात साल की मगरमच्छ से हुई शादी**

सैन पेड्रो हुआमेलुला गांव के मेयर विक्टर ह्यूगो सोसा ने गुरुवार को एक 7 साल के मगरमच्छ से शादी की। इस रस्म में मगरमच्छ को शादी की सफेद पोशाक समेत अन्य रंगीन कपड़े पहनाए गए। उन्होंने मगरमच्छ को किस भी किया। हालांकि मगरमच्छ के मुंह को बांध दिया गया था।

**सैंकड़ों साल पुरानी परंपरा के तहत हुई शादी**

इस परंपरा के तहत मगरमच्छ को एक छोटी राजकुमारी के रूप में जाना जाता है, जो धरती माता का प्रतिनिधित्व करने वाली देवी है। मेयर से मगरमच्छ की शादी, इंसानों के ईश्वर के साथ जुड़ने का प्रतीक है।

ओक्साका राज्य के चोंतल और हुआवे समुदाय की यह परंपरा सैकड़ों साल पुरानी है। इसमें प्रकृति का धन्यवाद दिया जाता है और आगे भी उदार बने रहने की प्रार्थना की जाती है। विक्टर ने कहा- हम प्रकृति से पर्याप्त बारिश की मांग करते हैं ताकि हमारे पास नदी में मछलियां हों। ताकि हमें पर्याप्त भोजन मिल सके।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

# अर्जेंटीना में आर्थिक संकट गहराया, वित्तमंत्री का इस्तीफा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में गहराते आर्थिक संकट और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच वित्तमंत्री मार्टिन गुजमैन ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया । वह देश के ऋण के पुनर्गठन पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ वार्ता में अपने देश का नेतृत्व कर रहे थे। उनके इस कदम से राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज की सरकार को बड़ा झटका लगा है। उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना की मुद्रा तेज मुद्रास्फीति के बीच डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गई है। ट्रक ड्राइवर ने डीजल की कमी के विरोध में प्रदर्शन कर चुके हैं। फिलहाल गुजमैन के उत्तराधिकारी की घोषणा नहीं की गई है। गुजमैन ने राष्ट्रपति फर्नांडीज को संबोधित सात पृष्ठ के पत्र में कहा- ह्यह्यमैं आपको वित्त मंत्री के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने पत्र को ट्विटर पर भी साझा किया है। इसमें उन्होंने प्रशासन के भीतर की आंतरिक लड़ाई को उजागर किया है। इस बीच उप राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज ने सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना की है। उप राष्ट्रपति स्वयं राष्ट्रपति रह चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना वर्षों से डॉलर की कमी से जूझ रहा है।

# लीबिया में रोटी और बिजली की मांग को लेकर हिंसक भीड़ ने संसद में लगाई आग, यूएन ने की निंदा

**त्रिपोली।** लीबिया में रोटी और बिजली की मांग को लेकर हालात बेकाबू हो गए हैं। हिंसक भीड़ ने संसद में आग लगा दी है। लीबिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने देश के पूर्व में स्थित संसद के मुख्यालय पर प्रदर्शनकारियों के हमले की निंदा की है। लीबिया में पिछले दिनों कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने राजधानी त्रिपोली और लीबिया के अन्य शहरों की सड़कों पर जुलूस निकाला, जिसमें कई लोगों ने पूर्वी शहर टोब्रुक में प्रतिनिधि सभा (संसद) सहित सरकारी इमारतों पर हमला किया और आग लगा दी। लीबिया पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष सलाहकार स्टेफनी विलियम्स ने ट्विटर पर कहा, 'शांतिपूर्वक विरोध करने के लोगों के अधिकार का सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए, लेकिन दंगों और कल देर रात टोब्रुक में प्रतिनिधि सभा मुख्यालय पर हमला करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है।' संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने एक जुलाई को लीबिया के त्रिपोली, टोब्रुक और बेनगाजी सहित कई शहरों में हुए प्रदर्शनों को लेकर चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सभी प्रदर्शनकारियों से हिंसा से बचने और सुरक्षा बलों से अत्यधिक संयम बरतने का आह्वान किया।